



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 284/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 05 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


**Biggest environmental joke:**
A small ATM room having two ACs and 4 tubelights, working 24 hours, is asking me not to print receipt to save environment.

सांध्यप्रकाश विशेष

## बीजेपी संगठन प्रभारी के फिसले बोल-कहा हमारे नेता शिवराज है, वह कल रहेंगे या नहीं रहेंगे इसका निर्णय केंद्रीय नेतृत्व करेगा



**ग्वालियर।** चंबल अंचल के संगठन के प्रभारी जीतू जिराती ने ग्वालियर चंबल अंचल में नेताओं की आपसी गुटबाजी की खबरों को सिरे से नकारा, उनका कहना है कि हमारे नेता शिवराज है वह कल रहेंगे या नहीं रहेंगे इसका निर्णय केंद्रीय नेतृत्व करेगा अगर केंद्रीय नेतृत्व यह निर्णय करता है कि शिवराज जी नहीं रहेंगे तो यह निर्णय शिवराज जी को भी स्वीकार होगा और मुझे भी स्वीकार होगा।

अंचल में टिकटों की दावेदारी करने वाले दावेदारों को लेकर कहा, ग्वालियर दक्षिण सीट पर अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा पूर्व मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा की दावेदारी को लेकर कहा सीनियर नेता दावेदारी कर रहे हैं उनका हक है, उनकी डिमांड उनकी मांग सौ प्रतिशत वाजिब भी है। टिकट का निर्णय संसदीय दल और कोर कमेटी करेगी। टिकट का अंतिम निर्णय होने के बाद सब एकजुट होकर परिवार भाव से पार्टी के लिए काम करेंगे। वही कांग्रेस में सीएम फीस को लेकर मचे घमासान पर जीतू जिराती ने कहा यह पार्टी का अंदरूनी मामला है मेरे लिए सभी नेता सम्माननीय है मैं प्रार्थना करूंगा 2023 में कॉन्ग्रेस मजबूत विपक्ष बन कर हमारे सामने सदन में बैठे।

## भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नाबालिग महिला रेसलर ने ली शिकायत वापस

भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर एक तरफ पहलवान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ यौन शोषण के आरोप लगाने वाली नाबालिग लड़की ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। सूत्रों की मानें तो 2 जून को ही नाबालिग महिला पहलवान ने बीजेपी सांसद के खिलाफ शिकायत वापस ले ली थी। नाबालिग ने पहले सीपी थाने में शिकायत वापस लेने के लिए एप्लीकेशन दी थी।



यौन शोषण को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक पिछले 2 महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस बीच सूत्रों से खबर आ रही है कि कुश्ती महासंघ चीफ बृजभूषण के खिलाफ आरोप लगाने वाली नाबालिग महिला पहलवान ने पटियाला हाउस कोर्ट से अपनी शिकायत वापस ले ली है। बताया जा रहा है कि नाबालिग पहलवान ने 2 जून को अपनी शिकायत को वापस ले लिया है। दरअसल, पहलवान ने दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। ये मामला बीजेपी सांसद बृज भूषण सिंह के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था जानकारी के मुताबिक, खुद को नाबालिग बताने वाली महिला पहलवान अपने बयान से पलट गई है।

दिल्ली पुलिस ने पहलवान का बयान पटियाला हाउस कोर्ट में दर्ज कराया था। 2 दिन पहले पटियाला हाउस कोर्ट में बयान वापस लिए गए हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक नाबालिग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गृह मंत्री अमित शाह से मिले पहलवान वहीं, पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। यह मुलाकात शनिवार देर रात करीब 11 बजे हुई। करीब 2 घंटे तक शाह के निवास पर मीटिंग चली। यह मुलाकात खाप पंचायतों की तरफ से केंद्र को 9 जून तक का अल्टीमेटम देने के बाद हुई। एक महिला रेसलर की मां ने इस मीटिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि अमित शाह ने पहलवानों को बिना भेदभाव के पूरी जांच का भरोसा दिया है।

## इंदौर-उज्जैन और देवास-भोपाल मार्ग आठ नहीं 6 लेन ही बनेगा

**भोपाल।** इंदौर और उज्जैन के बीच बढ़ते ट्रैफिक को सुविधाजनक बनाने के लिए इंदौर-उज्जैन मार्ग को 6 लेन बनाने का फैसला किया गया। क्योंकि, उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद यहां ट्रैफिक की समस्या बढ़ी है। ट्रैफिक को कम करने के लिए यही उपाय था कि रास्ते को चौड़ा किया जाए। पहले इसे 8 लेन बनाए जाने की बात की गई थी, लेकिन अब अंतिम रूप से तय किया गया कि ये 6 लेन बनेगा।

भोपाल-देवास मार्ग को फोर लेन से आठ लेन में बदला जाना था, मगर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम इसे भी 6 लेन में ही बदलने जा रहा है। इंदौर से उज्जैन के 49 किलोमीटर के फोर लेन के साथ ही भोपाल-देवास के 141 किलोमीटर के फोर लेन को 6 लेन में परिवर्तित करने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसके लिए फिजिबिलिटी सर्वे व डीपीआर के लिए ऑनलाइन टेंडर बुलवाए गए हैं। जिसमें कुल 190 किलोमीटर लम्बाई की इन दोनों सड़कों को 6 लेन में परिवर्तित किए जाने का प्रस्ताव शामिल है।

इंदौर से उज्जैन की यात्रा में करीब एक घंटा लगता है। इंदौर से धरमपुरी तक कई टाउनशिप, कॉलेज और बड़े स्कूल भी खुल गए। इस वजह से दोपहिया और चार पहिया वाहनों का ट्रैफिक इस रुट पर बढ़ गया है। जबकि, 100 से ज्यादा यात्री वाहनों के फेरे इंदौर से उज्जैन के बीच लगते हैं। राजस्थान की तरफ जाने वाले वाहन भी इंदौर-उज्जैन रोड से नागदा होकर राजस्थान की तरफ जाते हैं। 6 लेन बनने से ट्रैफिक वाहन चालक जल्दी दूरी तय कर सकेंगे।

**सिक्स लेन ही बनाया जा रहा-** महाकाल लोक बनने



के बाद इंदौर-उज्जैन फोर लेन पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ गया है। शनिवार और रविवार को तो वाहनों की काफी आवाजाही रहती है। इसके चलते पहले इसे आठ लेन करने की घोषणा हुई थी। मगर अब सिक्स लेन ही बनाया जा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण भूमि अधिग्रहण कानून की जटील प्रक्रिया भी है। उल्लेखनीय है कि इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने का भी प्रस्ताव विचाराधीन है।

## धार के एसपी को लेकर दिग्विजय सिंह की तीखी पोस्ट

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने धार के एसपी मनोज कुमार सिंह पर सोशल मीडिया कमेंट किया है। उन्होंने एसपी द्वारा ग्रामीणों को 'राम राज्य' स्थापित करने की शपथ




दिलाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। दिग्विजय सिंह की आपत्ति का मुख्य कारण सामुदायिक पुलिसिंग के इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल मौजूदगी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी लिखा कि आप इस शपथ ग्रहण की सूचना जनता द्वारा निर्वाचित आदिवासी विधायक सुरेंद्र सिंह बघेल को भी सूचित करते? आपने निष्पक्षता से काम करने की शपथ ली है। दिग्विजय सिंह ने फेसबुक पर अपनी पोस्ट का ट्वीट भी किया है। दिग्विजय सिंह ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ये संविधान की शपथ लेकर सरकारी यूनिफॉर्म पहने धार के एसपी मनोज कुमार सिंह हैं। बगल में नारंगी कुर्ता पहने भाजपा के प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल हैं। धार के पास कुक्षी विधानसभा के डही इलाके में ग्रामीणों को शपथ दिला रहे हैं कि पुलिस पर भरोसा करें। लेकिन, कुक्षी विधानसभा सभा के जनता द्वारा निर्वाचित विधायक जी को एसपी साहब आपने सूचित करने की आवश्यकता महसूस नहीं की। एसपी साहब आप पर संविधान के अंतर्गत नियमों के अनुसार कार्य करने का दायित्व है। लेकिन, आपके साथ भाजपा के पदाधिकारी दौरा कर रहे हैं। क्या यह उचित है? क्या यह आपकी निष्पक्षता दर्शाता है? क्या शासकीय अधिकारी को इस प्रकार का पक्षपात करना संविधान के अनुसार है? आप जब अलीराजपुर एसपी थे तब जोबट उप चुनाव में क्या आपने निष्पक्षता से कार्य किया था?

कुछ उदाहरण मेरे पास हैं। किस प्रकार आपने चुन चुन कर कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे प्रकरण बनाए थे। आपकी ज़िम्मेदारी है कि बिना भेदभाव किए सबको मुकम्मल सुरक्षा का भरोसा जगाएँ। आपकी ज़िम्मेदारी है कि बेटियों को बाहर निकलकर पढ़ने लायक सुरक्षित माहौल बनाएँ। आपकी ज़िम्मेदारी है कि अपराधियों पर नज़र रखें और क़ानूनी कार्रवाई करें आपकी ज़िम्मेदारी है कि नियमों के पालन के नाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई न करें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हम संकल्प लें
# धरती मां को बचाना है तो जीवन शैली बदलनी होगी: मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छोटी-छोटी आदतों में परिवर्तन कर लें तो हम धरती मां की बहुत सेवा कर सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर हम संकल्प लें, अपने जीवन में बदलाव लाएंगे। लाइफ स्टाइल बदलेंगे तो जीवन बचेगा, धरती बचेगी और आने वाली पीढ़ी देख पाएंगी। कहते हैं दो हजार पचास तक धरती का तापमान दो डिग्री सेल्शियस बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री आज रविंद्र भवन में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर व अन्य लोग भी मौजूद रहे।



श्री चौहान ने कहा कि जो खतरे आज हैं, उनके बारे में हमें हमारे साधु संतों ने कई सदियों पहले संकेत दे दिए थे। हम गोमाता की पूजा करते हैं। हमारे तीन अवतार तो पशु के रूप में हुए हैं, हमने उनकी पूजा की। हमारे देवताओं के जितने वाहन हैं, उन्हें भी पूजा जाता है। इसके पीछे अर्थ यही है कि इनमें भी वही है जो हम में है। हम प्रकृति के हमेशा से पूजक रहे हैं। कृष्ण कन्हैया ने पहले ही कहा था गोवर्धन की पूजा करें। इसका संदेश क्या था? नदियां हमारे यहां माताएं हैं। उन्हें मां मानकर पूजें। वो हमें जीवन देती हैं। भारत में हजारों साल पहले पर्यावरण के महत्व को समझा गया। एक चीज और प्रकृति का शोषण मत करो, दोहन करो। पेड़ में यदि फल लगते हैं तो फल लेना दोहन होता है, लेकिन यदि कुल्हाणी से पेड़ काटोगे, तो यह शोषण होगा। जितनी भरपाई कर सकें, उतना ही लें। विकास की चाह ने हमें अंधा बना दिया। खोदो जमीन, निकालो खनिज। काट दो पेड़। जंगल के जंगल साफ कर दिए। पाप किया है। हम सब भागीदार हैं। बताओ, इस साल बारिश ही बंद नहीं हुई। ऐसा दृश्य हमने कभी नहीं देखा। हमने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया।

भारत में रोज पर्यावरण दिवस होता था। हम रोजाना तुलसी को जल देते हैं। यह संदेश ही था, पेड़ नहीं तो हम भी नहीं। लेकिन हमने महाविनाश किया। उसी का परिणाम दुनिया भुगत रही है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। कहते हैं दो हजार पचास तक धरती का तापमान दो डिग्री सेल्शियस बढ़ जाएगा। आज भी यदि हम नहीं जगे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए नहीं बचेगी।

हमने कितना अन्याय किया है। हम धरती को जहरीला बना रहे हैं। रासायनिक खाद डालते हैं। केंसर एक्सप्रेस चलानी पड़ रही है। हमें ही इस माहौल को बदलना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने हमें लाइफ का मंत्र दिया है। आज भी कई लाइफ वालंटियर बैठे हैं, प्रदेश में कुल पांच हजार वालंटियर बने हैं। और भी जरूरत है। लोगों को जागरूक बनाएं। मैं रोज तीन पेड़ लगाता हूं। हम पेड़ लगाएं। केवल भाषण से काम नहीं चलेगा। रोज मत लगाओ, जन्म दिन के दिन तो लगा लो। इससे अच्छा जन्म दिन क्या होगा? शादी की वर्षगांठ पर दोनों मिलकर पेड़ लगाओ, प्रेम और बढ़ जाएगा। किसी की पुण्य स्मृति इससे बेहतर क्या होगी कि एक पेड़ लगा लो। हम इसे जीवन शैली बना लें।

## गृह मंत्री अमित शाह से मिले बजरंग-साक्षी और विनेश, बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह मुलाकात अमित शाह के आवास पर करीब करीब डेढ़ घंटे तक चली। बताया गया है कि दोनों पक्ष शनिवार रात करीब 11 बजे मिले थे। अमित शाह ने पहलवानों से तब मुलाकात की है जब खाप पंचायतों की तरफ से केंद्र को नौ जून तक का अल्टीमेटम दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहलवानों ने अमित शाह से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। इसके बाद गृह





मंत्री ने पहलवानों से बिना भेदभाव के पूरी जांच का भरोसा दिया। सूत्रों के मुताबिक, पहलवानों ने ही अमित शाह से मुलाकात का समय मांगा था। अमित शाह ने कहा कि इस मामले में कानून अपना काम करेगा। पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने पहलवानों से यह भी पूछा कि क्या पुलिस को अपने काम करने का समय नहीं देना चाहिए? करीब एक से डेढ़ घंटे की मुलाकात में गृह मंत्री ने तीनों खिलाड़ियों से कहा कि वे जोश की बजाय समझदारी से काम लें।

## अमेरिका में राहुल बोले- मोदी कार पीछे देखकर चला रहे हैं

### ट्रेन हादसे पर सवाल पूछो तो कहेंगे कांग्रेस ने 50 साल पहले ये किया था

**न्यूयॉर्क।** राहुल गांधी ने रविवार देर रात न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम न्यूयॉर्क के जेविट्स सेंटर में हुआ। राहुल को सुनने के लिए 5 हजार प्रवासी भारतीय जुटे। राहुल ने यहां 26 मिनट भाषण दिया। राहुल के भाषण से पहले ओडिशा ट्रेन हादसे के विक्टिम्स को श्रद्धांजलि दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को पीछे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा- आप सब कार में बैठकर इस कार्यक्रम में आए, अगर आप सिर्फ रियर



व्यू मिरर में देखकर गाड़ी चलाएंगे, तो क्या सही से चला पाएंगे। एक के बाद एक हादसे होंगे। लेकिन पीएम मोदी देश की गाड़ी ऐसे ही चला रहे हैं। वे सिर्फ पीछे की तरफ देख रहे हैं और फिर हैरान हो रहे हैं कि हादसे पर हादसे क्यों हो रहे हैं। आरएसएस और भाजपा पीछे की सोच रखते हैं। उनसे कुछ भी पूछो, वो पीछे की तरफ देखने लगते हैं। उनसे पूछो ट्रेन हादसा कैसे हुआ, तो वो कहेंगे कि कांग्रेस सरकार ने 50 साल पहले ये किया था।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कटनी के जागृति पार्क में पौधारोपण किया।




भारतीय जनसंघ के इतिहास में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा मुंबई में एक प्रशिक्षण शिविर में चार भाषण दिये गये थे जो आज भी विचारधारा की दृष्टि से अद्वितीय हैद्य ठीक उसी तरह भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक इतिहास में भोपाल में आयोजित एक प्रशिक्षण शिविर में एक ऐसा सुनहरा समय आया जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सह सरकार्यवाह माननीय सुदर्शन जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी, पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी जी एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुषाभाउ ठाकरे जी का चार सत्रों में मार्गदर्शन हुआ जो अपने आप में इतिहास बन गया। प्रभात प्रकाशन दिल्ली द्वारा एवं मेरे संपादन में इन संबोधनों को एकत्रित कर कार्यकर्ताओं से.. नामक पुस्तक में प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक आम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये विचारधारा की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ पाथेय साबित होगा- प्रभात झा।

## ओडिशा हादसे के 51 घंटे बाद ट्रैक फिर चालू, वैष्णव ने हाथ जोड़ रवाना की ट्रेन

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार देर शाम हुए हादसे के बाद से ही केंद्र सरकार लगातार इस घटना पर नजर बनाए हुए है। केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अफसर भी लगातार मृतकों-घायलों की संख्या से लेकर घटनास्थल पर भी चौकसी बढ़ाए हुए हैं। इसी का नतीजा रहा कि बालासोर में जिस जगह हादसा हुआ, वहां रविवार देर रात ट्रैक की मरम्मत कर लाइन को फिर चालू करा दिया गया। जबकि पहले इस मेन लाइन के शुरू होने में बुधवार तक का समय लगने की बात कही गई थी। इस मौके पर खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घटनास्थल पर मौजूद रहे। जिस वक्त पहली ट्रेन ट्रैक से गुजरी, उस वक्त वैष्णव ने उसके सामने हाथ जोड़ लिए।

रेल मंत्री ने ट्रैक चालू होने के बाद यहां से गुजरने वाली मालगाड़ी को हरी झंडी भी दिखाई और इसकी सुरक्षित यात्रा के लिए प्रार्थना भी की। उन्होंने बताया कि ट्रैक की



मरम्मत का कार्य प्रधानमंत्री मोदी के आदेश के बाद ही शुरू हो गया था। पीएम ने इसे जल्द से जल्द पूरा करने की सलाह दी थी। इसकी मरम्मत के लिए लगी टीम ने मेहनत और समझदारी से काम किया और घटना के 51 घंटे बाद ही अप और डाउन दोनों लाइनों को चालू कर लिया।



### पटरी से उतरी मालगाड़ी

ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे में 275 लोगों की मौत के सदमे से लोग अभी उबरे भी नहीं हैं कि ओडिशा में एक और रेल हादसे की खबर है। दरअसल ओडिशा के बारगढ़ जिले में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। हालांकि पूर्वी तटीय रेलवे ने बयान जारी कर कहा है कि एक निजी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा संचालित किए जा रहे मालगाड़ी के वैगन पटरी से उतरे हैं।

### तमिलनाडु में टली बड़ी रेल दुर्घटना

तमिलनाडु में रेलवे स्टाफ की सतर्कता के कारण एक बड़ा रेल हादसा टल गया। रविवार को रेलवे स्टाफ ने चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के एक बोगी के चेसिस पर क्रैक देखकर तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। घटना तमिलनाडु के शेनगोट्टाई रेलवे स्टेशन की है। दक्षिणी रेलवे के सीपीआरओ बी गुगनेशन ने बताया कि रविवार दोपहर 3.36 बजे शेनगोट्टाई रेलवे स्टेशन के कैरिज और वैगन कर्मचारियों ने चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस (16102) की बोगी संख्या एस-तीन में दरार देखा था। दरार बोगी के नीचे और पहिए के ऊपर वाले हिस्से पर थी। कहा जा रहा है कि पूनालुर वन मंडल पार करते समय बोगी में दरार आ गई थी। कर्मचारियों ने तुरंत यह जानकारी अपने वरिष्ठों को दी। इसके बाद ट्रेन से डिफेक्टेड बोगी को निकाल दिया गया और मदुरै में एक नई बोगी लगा दी गई। इसके बाद ट्रेन शाम 4.40 बजे रवाना हो गई।

# सिंधी मेले का समापन



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी मेला का समापन किया गया। इस मेले के अंतिम दिन हज़ारो की संख्या में सिंधी भाषी लोग पहुंचे। मेले में नागपुर की सिंगर दृष्टि कुकरेजा, संत हिरदाराम नगर के नरेश गिदवानी ने सिंधी गीतों की ऐसी महफिल जमाई कि जो इंसान जिस जगह पर खड़ा वो वही झूमने पर मजबूर हो गया, साथ ही मेले के अंतिम दिन लोगों का उत्साह चरम पर दिखा, पूरा वातावरण सिन्धियत के समावेश में समा हुआ दिखाई दे रहा था। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि अंतिम दिन 51 भोपाल के समाजसेवियो का सम्मान किया जिन्होंने 31 मार्च को शहीद हेमू कालानी जन्म शताब्दी समारोह के सफल कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मेला स्थल पर सिंधी व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। फूड जोन में साउथ इंडियन एवं कांन्टिनेंटल व्यंजनों की व्यवस्था भी की गई थी। दो दिनी मेले के दौरान में वरिष्ठ समाजसेवी स्व. उत्तमचंद ईसरानी, स्व. दादा गोविंदराम बतरा, स्व. शौकत राय कटारिया और स्व. काका कीमत राय नागदेव की स्मृति में सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज सेवियों को भी सम्मानित किया गया।

सिंधी मेले में महिलाओं ने शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़कर प्रसन्नता का इजहार किया। मेले में चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इसमें सिंधी समाज के बलिदानियों, शूरवीरों, महापुरुषों एवं साहित्यकारों की गाथा का वर्णन किया गया है। देर रात तक लोग प्रदर्शनी देखने पहुंचे। बाल कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

# नुक्कड़ नाटक से छात्राओं ने दी सामाजिक विषयों पर प्रस्तुति



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान एवं मासिक धर्म जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान में 9 विभिन्न क्लबों के द्वारा उक्त विषयों पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसके पूर्व 23 मई से 31 मई तक आठ दिवसीय नुक्कड़ नाटक कार्यशाला का आयोजन किया था, जिसमें शहर के वरिष्ठ रंगकर्मियों ने संस्थान की छात्राओं को नुक्कड़ नाटक की विभिन्न विधाओं पर प्रशिक्षण दिया था। यूनिसेफ के विशेष सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। यूनिसेफ एवं मंडप की टीम ने मुख्य निर्णायक के रूप में निर्धारित किए हुए मापदंडों के अनुसार सीएसआर क्लब को प्रथम एवं यूएचवी एवं एसपीडी क्लब को द्वितीय एवं कल्चरल क्लब को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शालू पांडे ने कहा कि नुक्कड़ नाटक एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए हम रोचक तरीके से सामाजिक संदेश को प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयनित नुक्कड़ नाटकों को भोपाल के विभिन्न स्थानों एवं समीप के गांव में 5 जून तक जिला पंचायत के सहयोग से मंचन किया जाएगा।

## जॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भोपाल।** जॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के छात्रों ने हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है दसवीं की परीक्षा में परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा जिसमें 68 छात्रों ने फर्स्ट क्लास से परीक्षार्थियों की एवं उत्तम 95.4 प्रतिशतरहे 12वीं की परीक्षा में 88त्न छात्रों में सफलता हासिल की जिसमें 42 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे जॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल के युवा संचालक सरफराज कुरैशी ने बताया कि इस समय विद्यालय में 2000 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रही है जॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल अपने सामाजिक दायित्व के प्रति भी जागरूक है कोरोना में अपने माता पिता को खोलने वाले बच्चों के लिए 12वीं तक नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है साथ ही विभिन्न धर्म संस्थानों में कार्यरत गुरुओं के बच्चों को निशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया सरफराज कुरैशी ने कहा कि जॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल शिक्षा के उच्च मापदंडों के साथ ही सामाजिक प्रवेश को लेकर भी जागरूक है।

## सीटू ने भेल कैंटीन का किया निरीक्षण, कर्मचारियों के साथकिया भोजन



भोपाल। भेल सीटू यूनियन के पदाधिकारियों ने कैंटीन क्रमांक-1 में कर्मचारियों द्वारा बताई जा रही समस्याओं की वास्तविक स्थिति जानने हेतु कैंटीन का निरीक्षण किया। यूनियन के पदाधिकारी दोपहर 12 बजे कैंटीन पहुंचकर कर्मचारीओं के साथ भोजन किये, साथ ही उनसे प्रमुख समस्याओं के बारे में भी चर्चा किए। यूनियन के प्रवक्ता अतुल मालवीय ने बताया कि कुछ साल पहले तक भेल में तीन कैंटीनों में भोजन की व्यस्था उपलब्ध थी, जहाँ सब्सिडाइज दर पर भेल के कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों, पशिक्षुओं को 5 रुपये व 10 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाता था। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी की आड़ में तीनो कैंटीन को बंद कर दिया गया। इसके पश्चात वर्ष 2022 में केवल कैंटीन क्रमांक-1 को प्रारम्भ किया गया। उसमें भी थाली से ज्यादातर सामग्री कम कर दी गई है व खाने के रेट को बढ़ाकर 22 रुपये प्रति थाली कर दिया गया। रेट बढ़ाने के बावजूद भी कैंटीन से लगातार शिकायतें कर्मचारियों की ओर से यूनियन को प्राप्त हो रही हैँ। जिसमें प्रमुख रूप से कैंटीन में भोजन करते वक्त शीतल हवा की उपलब्धता व खाने में कढ़ी व रायता बढ़वाने का विषय मुख्य है। रोटी की गुडवत्ता को भी और बेहतर करने के लिए कहा जा रहा है। इन्ही सब शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए आज सीटू यूनियन के पदाधिकारी कैंटीन का दौरा किये व कर्मचारियों के साथ बैठकर भोजन भी किए। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष लोकेंद्र शेखावत, कोषाध्यक्ष शाहिद अली, वरि. उपाध्यक्ष सादिक खान, राजेश रजक, कैंटीन प्रबंधन कमेटी सदस्य कौशल किशोर वामने, पीएफ ट्रस्टी राकेश कुमार वर्मा, टाउन कमेटी मेंबर नितिन अकोदिया, मीडिया प्रभारी अतुल मालवीय, डमरुधर पिंग आदि भेक्टू सीटू यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महापौर ने किया शाम सुरमयी का शुभारंभ

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने सदाबार फिल्मी गीतों को समर्पित शाम सुरमयी का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने विभिन्न कलाकारों द्वारा प्रस्तुत फिल्मी गीतों का आनन्द भी लिया। राजधानी के समन्वय भवन में लॉयन्स क्लब स्मार्ट सिटी भोपाल व कला समूह भोपाल द्वारा प्रस्तुत सदाबहार फिल्मी गीतों को समर्पित एक शाम आपके नाम कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री राजीव वर्मा के अलावा लॉयन्स क्लब एवं कला समूह के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

# सिंधी विस्थापितों के पट्टे के लिए फार्म वितरण कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

## विधायक रामेश्वर शर्मा आज सिंधी विस्थापित परिवारों को वितरित करेंगे फार्म

**संत हिरदाराम नगर।** लम्बे समय से सिंधी विस्थापितों के जिन पट्टा प्रकरणों के निराकरण की मांग की जा रही थी, इस समस्या का समाधान अब होने जा रहा है। 2 जून को कलेक्टर कार्यालय में विधायक रामेश्वर शर्मा एवं कलेक्टर आशीष सिंह की उपस्थिति में सिंधी सेन्ट्रल पंचायत एवं पूज्य सिंधी पंचायत पदाधिकारियों के साथ बैठक में बनी सहमति के बाद अब सोमवार 5 जून से भूधारिणाधिकार नियम के तहत सिंधी विस्थापितों को पट्टे प्रदान करने एवं नामांतरण हेतु फार्म बांटे जाने है।

इस सिलसिले में रविवार को नव युवक सभा अध्यक्ष विष्णु गेहानी की अध्यक्षता में नव युवक सभा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, महासचिव सुरेश जसवानी, उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी, संस्कार संस्था के सचिव बसंत चेलानी, भाजपा नेता नरेन्द्र लालवानी, समाज सेवी लाल ग्वालानी व रमेश वाधवानी आदि मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि सोमवार 5 जून को विधायक रामेश्वर शर्मा के करकमलों से सुबह 11 बजे साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी आडीटोरियम में सिंधी विस्थापित परिवारों को फार्म वितरित किए जाएंगे। ये फार्म आवश्यक जानकारी के साथ भरकर 12 जून से साधु वासवानी स्कूल में ही लगने वाले प्रस्तावित शिविर में जमा करने होंगे। बैठक में संत हिरदाराम नगर के सभी सिंधी विस्थापित परिवारों, वन ट्री हिल्स के 500 भूखण्डधारियों को छोड़कर को साधु वासवानी स्कूल में आने का अनुरोध किया गया ताकि उन्हें फार्म वितरित किए जा सकें। बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि सभी विस्थापित फार्म प्राप्त कर सकें इसके लिए ढिंढोरा भी पिटवाया जा रहा है। बैठक में सिंधी विस्थापितों से आग्रह किया गया कि फार्म प्राप्त कर उसकी फोटो कापी करवाकर आसपास के अन्य परिवारों को भी दें ताकि कोई भी विस्थापित पट्टों से वंचित न रहे।



### वन ट्री हिल्स भूखण्डों के फार्म रूक कर

इधर 2 जून को कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में वन ट्री हिल्स के 500 भूखण्ड स्वामियों के लीज नवीनीकरण पर भी निर्णय हुआ और तय किया गया कि चूंकि तीन गृह निर्माण समितियों नव युवक गृह निर्माण, भारतीय सिंधु सभा गृह एवं गांधीनगर सुधार गृह निर्माण समिति पर कुछ राशि बकाया है, जिसे सोमवार अथवा मंगलवार को जमा कर दिया जाएगा जिसके बाद वन ट्री हिल्स के भूखण्ड स्वामियों के लिए पृथक से फार्म तैयार किया जाएगा जाकि उनकी लीज का नवीनीकरण पृथक पृथक किया जा सके।

## डॉ. डालिमा पारवानी को मिला राष्ट्रीय शीरोज शक्ति सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी को शीरोज सेवा सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय शीरोज शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान हेतु प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मालती राय, विधायक कृष्णा गौर, विशिष्ट अतिथि डॉ.रीनू यादव एवं सुश्री पूनम चैकसे, डॉ.जानवी चांदवानी, फाउंडर, शीरोज सेवा सोशल वेलफेयर सोसायटी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी ने इस सम्मान प्राप्ति पर डॉ. डालिमा पारवानी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आपका योगदान एवं समर्पण सराहनीय है। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। डॉ. डालिमा पारवानी को इस प्रतिष्ठित

## 57 लाख रुपये की लागत से होगा वार्ड 28 की सड़कों का डामरीकरण

**भोपाल।** नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता की विशेष उपस्थिति में वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। उक्त सड़कों का निर्माण लगभग 57 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने कहा कि शहर के विकास एवं बेहतर से बेहतर जनसुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु हम संकल्पित है और लगातार शहर में आमजन की सुविधा के दृष्टिगत विकास के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करा रहे है। इस मौके पर अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने विभिन्न मार्गों का निरीक्षण भी किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा भी की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने पूर्व मंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता की उपस्थिति में रविवार को सुदामा नगर में आयोजित कार्यक्रम में दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 28 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। सुदामा नगर, आराधना नगर, वैशाली नगर सहित अन्य क्षेत्रों की सड़कों का डामरीकरण कार्य लगभग 57 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। निगम अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने इस अवसर में अपने संबोधन में कहा कि शहर के नागरिकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु हम संकल्पित है और इसी तारतम्य में आज वार्ड क्र. 28 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण कार्य हेतु भुमिपूजन किया है7

# ज्ञान में किए गए निवेश से सबसे लाभ प्राप्त होता है: आनंद सबधाणी

**सबधाणी कोचिंग में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया**

**संत हिरदाराम नगर।** आमतौर पर देखा गया है कि टॉप करने वाले स्टूडेंट्स को तो सभी सम्मानित करते हैं लेकिन उनका क्या जो मेहनत तो टॉप की करते हैं, लेकिन कॉम्पिटिशन की वजह से उनके मार्क्स इतने अच्छे नहीं होते कि उनको सम्मान दिया जाए। परंतु उचित सम्मान प्राप्त करने से वह भी दशा और दिशा में सुधार कर सकते हैं इसी उद्देश्य के लिए रविवार को एमपीनगर ब्रांच कार्यक्रम में ऐसे ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया जिन्होंने बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2023 में भोपाल में 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं।

इस कार्यक्रम में हर्षिता कुमारी 93 प्रतिशत सहित लगभग 500 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया और साथ ही विद्यार्थियों के भविष्य को नया आयाम देने वाले शिक्षकों पूजा गुप्ता, फराह खान, नीलेश नेमा, हेमंत तिवारी, पवन मिश्रा, सचिन द्विवेदी, दीपक साहू, राहुल चैकसे, पंकज सिंह, सतीश भार्गव, पुरुषोत्तम भारती, दिव्य प्रकाश, संदीप गौर, सोमती नेमा, दिव्या गौड़, पूजा तेजवानी, प्रीति उपाध्याय, निधि मिश्रा, शिवानी ध्यानी, कपिल कुमार, आशीष गौड़, सिद्धांत चैधरी, एवं एमी कुमार सहित लगभग 50 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर एवं शिक्षाविद् आनंद सबधाणी ने अपने वक्तव्य में कहा कि चांद पर पहला कदम किसने रखा, उन्हें सब याद करते हैं लेकिन उसके बाद के लोगों को कोई याद नहीं रखता इसलिए आज हमने यह कार्यक्रम उन सभी स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के लिए अयोजित किया जो टॉप नहीं करते, लेकिन मेहनत टॉप क्लास की करते हैं।



# पाठ्य-पुस्तक में भगवान परशुराम की जीवन गाथा शामिल होगी: शिवराज सिंह

## परशुराम जन्म-स्थली जानापाव दिव्य और भव्य केंद्र के रूप में उभरेगा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में इंदौर के निकट, भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव को अध्यात्म और पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। जानापाव एक दिव्य और भव्य केन्द्र के रूप में उभर कर आएगा। राज्य शासन ने भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के साथ मंदिरों के पुजारियों के लिए मानदेय और संस्कृत विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों, जो धार्मिक संस्कारों को सम्पन्न करवाने में दक्ष हो रहे हैं, को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की है। कक्षा एक से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 8 हजार और कक्षा 6वीं से 12वी तक के विद्यार्थियों को 10 हजार रूपए की राशि देने की पहल की गई है। पाठ्य-पुस्तकों में भगवान परशुराम की जीवन गाथा भी पढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री चौहान आज जंबूरी मैदान, भोपाल में ब्राह्मण महाकुंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मंदिरों की भूमि को कलेक्टर द्वारा एक वर्ष के लिए नीलाम करने के पूर्व के प्रावधान में परिवर्तन कर यह अधिकार पुजारी को दिया गया है। साथ ही मंदिर में पूजा, आराधना और आरती जैसे कार्यों के लिए पुजारी को सहयोग देना आवश्यक है। बिना कृषि भूमि क्षेत्र के मंदिरों के लिए 5 हजार रूपए की मासिक राशि प्रदान करने के साथ ही मंदिरों का सर्वे करवाने का कार्य किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा सुविधा दी जाएगी। ब्राह्मण समाज के लिए भोपाल में उपलब्धता के आधार पर भूमि का प्रबंध किया जाएगा, जिससे शिक्षण व्यवस्थाओं और सामाजिक कार्यों के लिए व्यवस्थाएँ करने में आसानी हो। पृथक आयोग या बोर्ड गठित करने के सुझाव पर भी समाज के प्रमुख व्यक्तियों से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जो ब्रह्म या ईश्वर को जान ले वह ब्राह्मण है। भारतीय जीवन-मूल्यों और संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य ब्राह्मणों ने किया है। आज भारत के एक होने का प्रमुख कारण आदि शंकराचार्य जी द्वारा भारत को जोड़े जाने का किया गया महत्वपूर्ण कार्य है। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य जी की प्रतिमा स्थापना और अद्वैत संस्थान स्थापित करने का कार्य चल रहा है। हमारी परम्पराएँ हों या साहित्य का क्षेत्र या विज्ञान, राजनीति, भूगोल आदि का क्षेत्र, ऐसी कोई विधा नहीं है जिसमें ब्राह्मण दक्ष नही हैं, यदि चाणक्य नहीं होते तो चंद्रगुप्त भी नहीं होते। भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए पहली गोली मंगल पाण्डे की चली थी। बिस्मिल हों या चंद्रशेखर आजाद, आजादी के लिए इन्होंने प्राण न्योछावर किए। ब्राह्मण समाज से ही टैगोर, लता दीदी और माखनलाल चतुर्वेदी हुए। ब्राह्मण समाज की प्रतिभाएँ अनेक क्षेत्र में विलक्षण कार्य कर चुकी हैं। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि ब्राह्मण समाज निर्धन बच्चों की शिक्षा, निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह, दुर्घटना या अन्य संकट की परिस्थितियों में परस्पर सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत करे। इस भावना का विस्तार आवश्यक है। ब्राह्मण वर्ग बुद्धि,ज्ञान और चरित्र की शक्ति के उपयोग से विभिन्न क्षेत्र में सफल हुआ है। आज समाज के बंधुओं द्वारा युवाओं को मद्यपान न करने और अन्य अवगुणों से बचने के लिए निरंतर मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण वर्ग ने धर्म और संस्कृति के संरक्षण और शासन व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आदि शंकराचार्य ने राष्ट्र को एक सूत्र में बांधा। आध्यात्मिक क्षेत्र में समाज का योगदान निरंतर मिल रहा है। विजयराघवगढ़ में भगवान परशुराम जी की 108 फीट प्रतिमा की स्थापना की पहल की गई है। सुमित पचौरी ने ब्राह्मण समाज की ओर से 11 सूत्री सुझाव-पत्र पढ़ा। कार्यक्रम को स्वामी सदानंद सरस्वती, शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठ ने भी संबोधित किया। पत्रकार विनोद तिवारी और श्रीमती पूर्वा त्रिवेदी ने संचालन किया। मुख्यमंत्री चौहान का स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक और पी.सी. शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, दैनिक स्वदेश के प्रधान संपादक राजेंद्र शर्मा और सुरेंद्र तिवारी, ब्राह्मण समाज के अनेक प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे।



## उड़ीसा में हुए ट्रेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** सर्वधर्म सदभावना मंच द्वारा उड़ीसा में हुए ट्रेन हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पंडित महेंद्र शर्मा, भन्ते शाक्य सागर, प्रोफेसर डॉ मनोज जैन, हाजी मोहम्मद हारून, शैक मुर्तज़ा अली, हाजी कलीम हारून, गुरुचरण सिंह अरोरा हाजी इमरान हारून आदि मौजूद रहे।



## वार्ड 32 में उमाशंकर गुप्ता ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

**भोपाल।** वार्ड क्रमांक 32 द्वारकापुरी में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पार्षद वार्ड आरती राजू अनेजा सहित स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

# महाविद्यालयों को पर्यावरण कार्यों के लिए दिए वसुधा सम्मान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पर्यावरण दिवस के अवसर पर हैल्पबॉक्स फाउंडेशन की ओर से 'वसुधा पर्यावरण सम्मान एवं व्याख्यान' का आयोजन किया गया। इस वर्ष वसुधा सम्मान महाविद्यालयों के अंतर्गत छात्र समूहों द्वारा किए गए उत्कृष्ट पर्यावरण एवं स्वच्छता कार्यों के लिए दिए गए। इस अवसर पर पर्यावरण कार्यों एवं नवाचारों पर आधारित पुस्तिका 'वसुधा-2023' का विमोचन भी किया गया। एक सादगीपूर्ण समारोह में महाविद्यालय समूहों द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नो-पॉलिथीन ड्राईव, प्लॉग रन, थ्री-आर, कचरे का सेग्रीगेशन आदि कार्यों के आधार पर कैरियर कॉलेज, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, वी.एन.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन तथा आई-सेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र को वसुधा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में उत्कृष्ट पर्यावरण रिपोर्टिंग पर दैनिक भास्कर के ज़ाहिद मीर तथा हरिभूमि की संवाददाता मधुरिमा राजपाल और पर्यावरण चित्रकार सुषमा श्रीवास्तव को भी वसुधा सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. मनोज कुमार शर्मा प्रभारी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जो पर्यावरण संरक्षण के कार्य हो रहे हैं वो बहुत मायने रखते हैं और इन सम्मिलित प्रयासों से धीरे-धीरे बड़ा परिवर्तन होता है।

इस अवसर पर भोपाल के जल स्त्रोत उपयोग एवं प्रबंधन' विषय पर डॉ. प्रदीप नंदी, डायरेक्टर जनरल, नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंटस एण्ड इनवायरमेंट का व्याख्यान आयोजित हुआ। प्रदीप नंदी ने कहा की एक समय था जब बड़े तालाब का पानी इतना शुद्ध था की उसे सीधा पीने में प्रयोग किया जाता था। आज उसमे शहर का सीवेज मिलने से मेटल की मात्रा बढ़ जाती है और पानी में आक्सीजन लेवल कम होता है। छोटे और बड़े तालाब को मिलाकर 2003 में इसे रामसर साईट घोषित किया गया क्योंकि यहाँ विभिन्न प्रजाति के पक्षियों का बहुत बड़ा जमावड़ा होता है। 1988 में भोज वेट लैंड घोषित किया गया तथा सरोवर हमारे धरोहर योजना प्रारंभ हुई किन्तु इस योजना का बड़े तालाब की सेहत पर ज्यादा असर नहीं हुआ। छोटे तालाब की स्थिति तो बहुत ही ख़राब है। भोपाल के जल स्त्रोतों का समय रहते संरक्षण ज़रूरी है। कार्यक्रम में वसुधा पत्रिका में प्रकाशित पर्यावरण कहानियों के किरदारों का पर्यावरण योद्धा के रूप में अभिनन्दन किया गया।

# पौधों के बड़े होने तक देखभाल का लिया संकल्प



**भोपाल।** वृक्षों की अंधाधुंध कटाई एवं बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव को रोकने हेतु शहर के युवाओं के ग्रुप लेट्स स्पीक अप और पर्यावरण संगठन एम्बर फाउंडेशन के युवाओं ने मिलकर पर्यावरण दिवस के पूर्व संध्या पर कोलार रोड स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में चंपा, गुलमोहर ,बरगद आदि के पौधों को वृक्षापित किया और उनके बड़े होने तक देखभाल करने का संकल्प लिया और लोगों को वृक्षों के महत्व को बताया कि आज के इस ग्लोबल वार्मिंग के जमाने में वृक्षों का क्या महत्व है उन्होंने जनता से अपील की अधिक से अधिक संख्या में जगह-जगह वृक्षों का रोपण कर बढ़ते प्रदूषण को रोकने में सहयोग करें और पर्यावरण पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।

## विविध समारोह के साथ आज मनेगा बुन्देलखण्ड दिवस

**भोपाल।** अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 25 जून रविवार को 'बुन्देलखण्ड दिवस',देष भर में साहित्यकारों द्वारा अपनी इकाइ संस्थाओं के माध्यम से 'पद्मश्री मड़बैया के 80 वें जन्म दिवस' स्वरुप आयेजित किया जा रहा है। मुख्य समारोह भोपाल में विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाना तय हुआ है। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय बुंदेली भाषा के साथ आजादी के 'अमृत महोत्सव में बुन्देलखण्ड के योगदान' विषयक,आमंत्रित विद्वानों द्वारा बुंदेली में शोध आलेख,बुन्देली नृत्य और बुन्देली कवि सम्मेलन आदि आयोजित किये जा रहे है। 'बुन्देलखण्ड का सूरज' ग्रंथ आदि कृतियों का लोकार्पण मध्यप्रदेष विधान सभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के द्वारा विधान सभा विश्राम ग्रह खण्ड 2 के हॉल,में किया जायेगा। संस्था सचिव जगदीश रावत ने बताया कि महामहिम राज्यपाल और ओरछा नरेष को भी आमंत्रित किया गया है। उक्त भव्य लोक समारोह में पुरस्कारों के लिये बुन्देली या बुन्देलखण्ड पर रचित मौलिक पुस्तकें 15 जून 23तक संस्था में 'मड़बैया साहित्य सदन '75 चित्रगुप्त नगर, कोटरा के पते पर आमंत्रित की गई है।



**भोपाल।** विश्व पर्यावरण की पूर्व संध्या पर पर्यावरण संरक्षण अनुसंधान एवं विकास केंद्र इंदौर द्वारा वृक्ष मित्र सुनील सुधा दुबे को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने मंच पर बैठे सभी 8 लोगों को शमी, अश्वगंधा, सेंस वेरिया, लोटस, स्नेक प्लांट के पौधे भेंट किए यह पौधा अस्थमा के मरीजों को घर में रखने से लाभ पहुंचाता है। वृक्ष मित्र सुनील दुबे आज तक 4 लाख 22 हजार 300 सौं 98 पौधे मंचों पर अतिथियों को और वैवाहिक नव दंपतियों को जन्मदिन पर लोगों को भेंट कर चूके हैं।

# एम्स में साइक्लिंग से होने वाले लाभ पर हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स के जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा साइकिल चलाने से होने वाले लाभों पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस अवसर पर बोलते हुए उन्होने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए साइकिल चलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि एम्स भोपाल के सभी कर्मचारी सप्ताह में एक बार साइकिल से यात्रा करें, क्योंकि साइकिल चलाने से संपूर्ण शरीर का व्यायाम होता है जो हमे स्वस्थ रखने में मददगार साबित होता है। मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई ने बताया कि शारीरिक निष्क्रियता और अस्वस्थ जीवनशैली कैसे गैर-संचारी रोगों को बढ़ा रही है। फिजियोलॉजी विभाग के एडीशनल प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा ने यह प्रदर्शित करने वाले साक्ष्य प्रस्तुत किए कि साइकिल चलाने से हाई शुगर या ब्लड मे फैट के स्तर जैसी विभिन्न बीमारियों से बचाव में सहायता मिल सकती है। साईक्लिंग तनाव को कम करती है, और नियमित साइकिल चलाने वाले को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में भी मदद करती है।

**साईक्लोथॉन का आयोजन :** विश्व साइकिल दिवस पर एम्स भोपाल में प्रातः 5ः:0 बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें एम्स भोपाल की फैकल्टी, रेज़िडन्ट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, एमबीबीएस के छात्रों और हाउसकीपिंग कर्मियों ने भाग लिया। रैली का प्रारंभ कार्यपालक निदेशक डॉ अजय सिंह द्वारा झण्डा फहरा कर किया गया। तदोपरान्त, रूट प्लान के अनुसार साइकिल रैली का संचालन कुशलतापूर्वक किया गया। साइकिल रैली के नोडल ऑफिसर डॉ अश्वनी टंडन सहायक डीन अकादमिक, डॉ अंशुल राय कार्यवाहक उपचिकित्सा अधीक्षक, डॉ बबिता रघुवंशी कार्यवाहक उपचिकित्सा अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों को रैली में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता भाजपा की शान : गोविंद सिंह राजपूत

## राहतगढ़ मंडल कार्यसमिति और जलंधर में शक्ति केंद्र की बैठक में शामिल हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री



**सागर।** देश में भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव को लेकर हर विधानसभा, मंडल तथा बूथ स्तर पर शक्ति केंद्र बनाए गए हैं एवं मंडलों में कार्य समितियों की बैठक आयोजित की जा रही है जिसके तहत रविवार को राहतगढ़ मंडल में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक एवं जलंधर में आयोजित शक्ति केंद्र की बैठक में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए जिसमें उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल बेमिसाल रहे जिसमें देश में अनेक सफलता के आयाम प्राप्त किए हैं इसी क्रम में हर मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही है मैं अधिक से अधिक बैठको में शामिल होने का प्रयास करता हूं क्योंकि हमारे कार्यकर्ता सुझावों का भंडार है उनके सुझाव से पार्टी को जनता से जुड़ने में कई अच्छे सुझाव मिलते हैं इसलिए लगातार कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहकर इस तरह की बैठक हमारी प्राथमिकता है श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता भाजपा की शान है जिनके बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन पाई है राहतगढ़ कार्यसमिति की बैठक में सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने अपना परिचय एवं अपने अपने सुझाव सभी ने रखे है तत्पश्चात राजस्व एवं परिवहन मंत्री जलंधर में आयोजित शक्ति केंद्र की बैठक में शामिल हुए।

जहां राजपूत ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता मिलकर एक शक्ति केंद्र बनाते हैं हमारे सभी कार्यकर्ता शक्तिपुंज है जिनका हर घर से नाता है श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना तथा हर व्यक्ति को इन योजनाओं से जोड़ना हमारे कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कोई भी व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं से ना छूटे इसके लिए हमारे कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में काम करते हैं उसी का नतीजा है कि आज भाजपा हर परिवार हर व्यक्ति की पार्टी है हमें हर व्यक्ति और हर परिवार से जुड़ना है हर शक्ति केंद्र के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से मिले तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उन्हें बताएं एवं योजनाओं से हर परिवार को जोड़ें। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजना बनाई गई है फिर चाहे वह लाडली लक्ष्मी योजना, बेरोजगारों के लिए सीखो कमाओ योजना, छात्रवृत्ति योजना हो, छोटे दुकानदारों के लिए योजना ऐसी अनेकों योजनाएं जनता के लिए बनाई गई है जिससे हर वर्ग हर व्यक्ति को लाभ मिल सके। भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार जनकल्याण एवं एवं विकास के लिए संकल्पित है ।

इस अवसर पर अमित राय मण्डल अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी, वीरेंद्र पाठक मण्डल प्रभारी,नरेंद्र अहिरवार जिलाध्यक्ष अनु जा मोर्चा धन सिंह लोधी, रामेश्वर नामदेव जिला उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह टिंकू राजा, गोविंद पटेल, विनोद ओसवाल,विनोद कपूर विजय सिंह, प्रशांत देवरिया, अनुराग पाठक, जहीर कुरैशी, गोलू राय, विशाल खटीक,नरेन्द्र जैन चंद्रेश टीला ,,गोलू सोनी, जलंधर के शक्ति केंद्र बैठक में शामिल हुए भाजपा वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष कमल पटेल, भारत सिंह यादव पूर्व सरपंच, संयोजक संयोजक प्रहलाद पटेल, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बलराम यादव, शक्ति केंद्र संयोजक शैलेंद्र ठाकुर ,सह संयोजक देशराज यादव , बूथ अध्यक्ष शीतल कुर्मी, जनपद सदस्य रामबाबू कुर्मी, छोटेलाल चडार सरपंच, वी एल ए राम प्रकाश यादव ,रामनरेश रॉय महामंत्री,भूमन सिंह यादव बूथ अध्यक्ष,ब्रजभान बंसल महामंत्री आदि मौजूद रहे।

स म्पा द की य

# सूत न कपास जुलाहों में लट्ठमलट्ठा...!

मध्यप्रदेश अब चुनाव की दहलीज पर खड़ा है, परंतु दोनों ही प्रमुख पार्टियों में अंदरूनी घमासान की स्थिति नजर आ रही है। भारतीय जनता पार्टी तो अनुशासन के नाम पर सख्त रवैया अपनाकर ठोस निर्णय ले लेती है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा कुछ भी नहीं है। अभी चुनाव हुए नहीं हैं, सरकार बनी नहीं है और सीएम बनने को लेकर जंग शुरू हो गई है।

एक तरफ अति उत्साह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के समर्थक उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने लगे हैं। ठीक है, कमलनाथ के नेतृत्व में चुनाव हो रहा है, पिछली बार भी हुआ था। और पिछली बार भी वे मुख्यमंत्री बन ही गए थे। अब सरकार ही चली गई तो इसमें कोई क्या कर सकता है। इस बार कांग्रेस नेताओं को फूक फूक कर कदम रखना चाहिए था। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। उलटे और अधिक लापरवाही देखने को मिल रही है।

भाजपा के अंदरूनी सर्वे के नाम पर जो खबरें बाहर आ रही हैं, उनमें भाजपा को कम सीटें मिलना बताया जा रहा है। अब ये सर्वे सही है या गलत, या फिर इसके आंकड़े जो बाहर बताए जा रहे हैं, वो वाकई सर्वे में सामने आए हैं, यह कौन तय करेगा? कौन इसकी गारंटी देगा। और कांग्रेस के सर्वे में यदि यह कहा जा रहा है कि उसे बहुमत हासिल होता दिख रहा है, तो चार महीने में क्या माहौल ऐसा ही रहेगा?

सवाल बहुत सारे हैं। और माहौल सत्तापक्ष के खिलाफ भले ही दिख रहा हो, लेकिन भाजपा के बारे में सभी जानते हैं, ऐन वक्त पर वो माहौल बदलने में सक्षम है। इस पार्टी में सख्त फैसले ले लिए जाते हैं, जबकि कांग्रेस में ऐसा कभी देखने को नहीं मिला। अभी ही देख लो। नेताओं के जो बयान आ रहे हैं, वो भाजपा या सत्ता पक्ष के खिलाफ तो उलटे-सीधे आ ही रहे हैं, कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई को भी उजागर करते दिख रहे हैं। सीएम चेहरे का मुद्दा अभी से उठाने की बात क्यों उठाई जा रही है। अधिकांश वो लोग ऐसे बयान दे रहे हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक माने जाते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री जहां हारी हुई सीटों को सुधारने की मुहिम में जुटे हैं, उनसे जुड़े लोग सीएम का मुद्दा उठा रहे हैं। आखिर इसके लिए लाइन कहां से मिल रही है? और यह मुद्दा उठाया ही क्यों जा रहा है? केवल भाजपा या सत्तापक्ष के खिलाफ बन रहे माहौल को देखकर यह अति उत्साह क्यों? और क्यों कमलनाथ समर्थक खुले आम कह रहे हैं कि सीएम तो कमलनाथ ही बनेंगे? उनके पास ऐसा कहने का अधिकार किसने दिया? चुनाव तो जीत जाएं, फिर सीएम और अन्य पदों की बात की जाए। एक बार और ऐसा ही हुआ था। कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष ने चुनाव के पहले न केवल अपनी केबिनेट की सूची बना जी थी, अपितु निगम-मंडल तक अपने लोगों को बांट दिए थे। हुआ क्या? सारी सूचियां धरी की धरी रह गईं।

अब तो हाईकमान भी कुछ ताकतवर होता दिख रहा है। कर्नाटक की जीत ने उसे नई ऊर्जा दे दी है। मध्यप्रदेश में यदि कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है, तो नेताओं के ऊटपटांग बयानों पर तो लगाम लगना ही चाहिए। कर्नाटक में क्या हुआ? हाईकमान ने प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बजाय सिद्धारमैया को क्यों सीएम बना दिया? यह बात मध्यप्रदेश में भी उठ रही है। लेकिन फिलहाल तो कांग्रेस को एकजुटता की जरूरत ज्यादा है। जीती हुई सीटों पर जीत न केवल पक्की करनी होगी, अपितु वहां वोट बढ़ाने की कवायद होना चाहिए। और हारी हुई सीटों पर नए और ऊर्जावान लोगों को टिकट देना होगा।

हमेशा तो यह होता आया है कि हमारे समर्थक को टिकट मिलना चाहिए, भले ही हार जाएं। और तो और सर्वे में भी फर्जीवाड़ा करके अपने आदमी को जीतने वाला उम्मीदवार साबित कर टिकट दिया जाता रहा है, और वो हार जाता है। यदि पांच हजार से अधिक वोटों से हारने वाले को टिकट नहीं देना तो नहीं देना, फार्मूल बने तो उस पर अमल भी हो।

खैर, ये फार्मूला तो अलग मुद्दा है, फिलहाल तो कांग्रेस को यदि मध्यप्रदेश में चुनाव वाकई जीतना है तो उसे अंतरविरोधी बयानों पर रोक तो सख्ती से लगानी ही होगी। न तो सीएम बनने और न ही इसके विरोध में कोई बयान आना चाहिए। अभी तो हाल यह है कि भाजपा कार्यकर्ता तो ठीक आम आदमी भी कहने लगा है कि ये तो अभी से लड़ रहे हैं, सरकार क्या चलाएंगे? प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को इस बारे में सभी बड़े नेताओं को बुलाकर सख्ती से कहना होगा कि यदि कोई भी सीएम चेहरे को लेकर बयान देता है तो कार्रवाई होगी, चाहे उनका समर्थक हो या कोई और। अन्यथा यदि जीतने की स्थितियां बन भी रही होंगी, तो पराजय का मुंह देखना पड़ जाएगा।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# कमलनाथ को लेकर इतनी किच किच क्यों ?

**सुरेश तिवारी**

कांग्रेस में इन दिनों अजीब सी खींचतान चल रही है। कमलनाथ को लेकर बार-बार यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या कांग्रेस विधानसभा चुनाव कमलनाथ के चेहरे पर लड़ेगी और यदि बहुमत मिला, तो क्या वे मुख्यमंत्री बनेंगे! इस मामले पर कांग्रेस के कुछ नेताओं को विरोध है, जो उन्होंने समय समय पर व्यक्त भी किए।





29 मई को दिल्ली में हुई कांग्रेस की बड़ी बैठक के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मीडिया से बातचीत के समय पूछे गए एक सवाल पर कहा कि अभी कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं है। यानी उन्होंने सीधे-सीधे कमलनाथ को खारिज किया। उन्होंने खुद का नाम भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में लेने का मौका नहीं छोड़ा।

इस बीच कांग्रेस के सीनियर लीडर अजय सिंह ने भी अलग ही राग आलापा और कहा कि कांग्रेस को बहुमत मिला तो जीते हुए विधायक तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बने! लेकिन, इस बीच दिग्विजय सिंह का बयान सामने आया कि कमलनाथ को लेकर पार्टी में सहमति है और उन्हीं के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा। यदि कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका मिलता है, तो कमलनाथ ही मुख्यमंत्री होंगे। इन नेताओं के अलग-अलग बयानों से कांग्रेस को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बन गई। जब पार्टी ही एक नहीं है, तो वह एकजुट होकर चुनाव कैसे लड़ेगी।



बयानों पर छीछालेदर होने के बाद गोविंद सिंह अपनी बात का स्पष्टीकरण देने सामने आए। वे बोले कि मीडिया ने मेरे बयान को गलत ढंग से समझा, कमलनाथ ही हमारे नेता हैं। जबकि, वास्तव में उन्होंने जो कहा उसके वीडियो भी सामने आए थे। आज के हालात में इस बात का कोई मतलब नहीं रह गया कि मीडिया ने गलत समझा या मैंने ये नहीं कहा था! क्योंकि, अब हर बयान के वीडियो बनते हैं और इनमें वही होता है, जो कहा जाता है। कुल मिलाकर कांग्रेस अति आत्मविश्वास में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। लेकिन, सबसे बड़ा झमेला भविष्य के संभावित मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर है जिसे लेकर खींचतान मची है। कहा जा रहा है कि जब हाईकमान ने सीएम के नाम पर कमलनाथ की मुहर लगा दी तो आखिर किच किच क्यों!

**खंडित मूर्तियों से निकला राजनीति का जिन्न**

बीते रविवार को जब तेज आंधी चली और बारिश हुई तो किसी ने नहीं सोचा था इसके साथ ही एक नई तरह की राजनीति ने भी जन्म ले लिया। इस आंधी से उज्जैन के महाकाल लोक में लगी 6 मूर्तियां गिरकर खंडित हो गई। मूर्तियां प्राकृतिक आंधी की वजह से गिरकर टूटी, लेकिन इसके साथ ही राजनीति ने जन्म ले लिया। पिछले एक सप्ताह से कांग्रेस और भाजपा दोनों खंडित मूर्तियों की राजनीति में लगे हैं।



कांग्रेस का आरोप है फाइबर की मूर्तियां क्यों लगाई गई, जबकि महाकाल लोक एक स्थाई निर्माण है। इसके साथ ही कांग्रेस ने आरोपों के साथ तर्क दिए और सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इसके जवाब में भाजपा बचाव की मुद्रा में आ गई। उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री गोपाल भार्गव को आगे कर दिया। वे सर्टिफिकेट दे गए कि महाकाल लोक के काम में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ! लेकिन, उनके पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था फाइबर की मूर्तियां क्यों लगाई गई! जबकि, ऐसी मूर्तियों की एक समय सीमा होती है।

महाकाल लोक एक स्थाई निर्माण था तो ऐसी मूर्तियां लगाने का क्या औचित्य! कांग्रेस ने इसके बाद अपनी एक विशेष समिति बनाई जो महाकाल लोक जाकर जांच कर आई। शनिवार को कांग्रेस ने पूरे प्रदेश के हर जिले में उज्जैन की इस घटना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लेकिन, सबसे बड़ा मुद्दा यह हुआ कि लोकायुक्त ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले को दर्ज किया और इसकी जांच शुरू कर दी। इस सबका नतीजा क्या निकलेगा, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता! लेकिन, जो भी हुआ, उससे दोनों पार्टियों को राजनीति को एक नया मुद्दा मिल गया। एक हमलावर की मुद्रा है, दूसरा बचाव में लगा है।

**पूर्व राज्यपाल की बेटी क्या कांग्रेस से चुनाव लड़ेंगी**



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और मप्र के पूर्व राज्यपाल स्व. रामनरेश यादव की पौत्र वधु रोशनी यादव फिलहाल निवाड़ी जिले से जिला पंचायत की सदस्य हैं। वे भाजपा से जुड़ी है और इस बार निवाड़ी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। लेकिन, भाजपा से उन्हें अभी हरी झंडी नहीं मिली। इसलिए कि वहां पहले से सीटिंग विधायक अनिल जैन मौजूद है। यही कारण है कि उन्हें निवाड़ी से भाजपा का टिकट मिलने की संभावना लगभग नहीं है। यही कारण है कि रोशनी ने अब अपना रुख बदल लिया।

कहा जा रहा है कि वे कांग्रेस के संपर्क में है और इसके प्रमाण के रूप में उनका कमलनाथ के साथ फोटो खूब वायरल हो रहा है। संभावना है कि आने वाले समय में वे कांग्रेस का दामन थाम सकती हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के अकाउंट से भाजपा का लोगो भी हटा दिया। सोशल मीडिया पर इसे लेकर के तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे है!

पहले वे पृथ्वीपुर सीट से भी टिकट मांग रही थी। लेकिन, वहां हुसे उपचुनाव में शिशुपाल यादव के चुनाव जीतने के बाद उन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन का रुख निवाड़ी की तरफ मोड़ दिया। क्योंकि, यहां यादव मतदाताओं की संख्या भी बहुत ज्यादा है। पहले यहाँ यादव समाज के नेता विधायक भी बन चुके है। वहीं समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक मीरा यादव जो पूर्व में निवाड़ी की विधायक रह चुकी है, भी कांग्रेस के संपर्क में है! ऐसे में किसकी लॉटरी लगती है, यह देखना दिलचस्प होगा!

**क्या हुआ जब राहुल को जीतू पटवारी नही दिखे ?**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस के दर्जन भर दिग्गज नेताओं की करीब 2 घंटे तक बैठक हुई। ये जमावड़ा विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर था। बैठक में कमलनाथ के साथ दिग्विजय सिंह, विवेक तंखा, अरूण यादव, डॉ गोविंद सिंह, अजय सिंह और कांतिलाल भूरिया समेत कई नेता शामिल थे।

बैठक में असल ड्रामा उस समय शुरू हुआ जब राहुल गांधी को जीतू पटवारी नही दिखे और राहुल ने उनके बारे में कमलनाथ से पूछ लिया। कमलनाथ उन्हें साथ नहीं ले गए थे। दोनों के बीच चलती जंग किसी से छुपी नहीं है। इस बैठक के बहाने दोनो के बीच तनातनी फिर सामने आ गई। राहुल के पूछने पर जब उन्हें पता चला कि जीतू को नहीं लाया गया तो इसका रास्ता निकाला गया। राहुल के निर्देश पर जीतू पटवारी को जूम एप से जोड़ा गया। वे पूरे दो घंटे जूम के जरिए बैठक से जुड़े रहे।

जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी है। फिर भी उन्हें दिल्ली बैठक में शामिल नहीं किया गया। लेकिन, राहुल गांधी के कहने के बाद वे ऑनलाइन बैठक से जुड़े। इसके अलावा विधायक कमलेश्वर पटेल को भी ऑनलाइन जोड़ा गया था। इस बैठक के दौरान पटवारी और पटेल ने प्रदेश की चुनावी रणनीति को लेकर अपने सुझाव दिए।

**ईसी गाइडलाइन: इसी माह होंगे इन आईएएस-आईपीएस अफसरों के तबादले**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार मध्य प्रदेश में इसी माह में कभी भी आधा दर्जन आईएएस और इतनी ही संख्या के आईपीएस अधिकारियों के तबादला होना तय माना जा रहा है। इसी के साथ सरकार कुछ और अधिकारियों को भी इधर-उधर कर सकती है। इलेक्शन कमिशन की गाइडलाइंस के दायरे में जो अधिकारी सीधे-सीधे आ रहे हैं उनमें मुख्य रूप से टीकमगढ़, दतिया और पन्ना के कलेक्टर हैं। हाल ही में हिजाब विवाद में आए कलेक्टर दमोह और लाडली बहना के कार्यक्रम को लेकर निवाड़ी के कलेक्टर भी प्रभावित हो सकते हैं। इंदौर संभाग के कमिश्नर पवन शर्मा और उज्जैन संभाग के कमिश्नर संदीप यादव को 3 साल पूरे हो रहे हैं इसलिए उनका तबादला निश्चित माना जा रहा है।





बता दें कि श्रष्ट की गाइडलाइंस के अनुसार जिन अधिकारियों को जनवरी 24 तक एक ही स्थान पर 3 साल पूरे होने वाले हैं और जो अधिकारी अपने गृह नगर में पदस्थ हैं, उनके तबादले किए जाना है इसी दायरे में इंदौर, उज्जैन संभाग के कमिश्नर के साथ ही इंदौर ग्रामीण के डीआईजी चंद्रशेखर सोलंकी भी आ रहे हैं। जिन अन्य आईपीएस के तबादले इसी गाइडलाइंस में होंगे उनमें बुरहानपुर के एसपी राहुल लोढ़ा भी शामिल हैं जिन्हें इसी साल जून में 3 साल पूरे हो रहे हैं। वे जून 2020 में बुरहानपुर एसपी पदस्थ किए गए थे। इसी प्रकार पन्ना के एसपी धर्मराज मीणा को भी जनवरी 2024 में 3 साल पूरे हो रहे हैं।

राज्य सरकार राज्य प्रशासनिक सेवा और राज्य पुलिस सेवा के ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार कर रही है जिनका तबादला श्रष्ट की गाइडलाइंस के मुताबिक किया जाना है। माना जा रहा है कि इस तरह के सभी तबादले इसी माह अंत तक कर दिए जाएंगे।

**चर्चा में हैं आईएएस शैलबाला मार्टिन**



भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2009 बैच की अधिकारी शैलबाला मार्टिन इन दिनों चर्चा में हैं। वे सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और समय-समय पर अपनी टिप्पणी करने में संकोच नहीं करती हैं। ओडिसा में हुए ट्रेन एक्सीडेंट के सिलसिले में राष्ट्रीय न्यूज चैनल आज तक द्वारा पुराने संदर्भ को लेकर किए गए एक ट्वीट को लेकर उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा 'बेशर्म मीडिया'। इसे लेकर मीडिया में उनके खिलाफ टिप्पणी भी की गई इसका जवाब भी उन्होंने दिया।

रेल मंत्री को लेकर किए गए एक ट्वीट को लेकर शैलबाला ने लिखा है कि माननीय रेल मंत्री जी के सुरक्षाकर्मियों के विरुद्ध तत्काल सख्त कार्यवाही होना चाहिए। वे क्यों माननीय को अपनी जान जोखिम में डालने दे रहे हैं। शैलबाला के इन दोनों ट्वीट पर लोगों ने अलग अलग तरह से खूब प्रतिक्रियाएं दी।

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट वंदे भारत ट्रेन को लेकर उनके द्वारा की गई टीप इन दिनों प्रशासनिक गलियारों में चर्चा में हैं। रेलवे मंत्रालय द्वारा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन को लेकर किसी व्यक्ति द्वारा किए गए ट्वीट के संदर्भ में शैलबाला लिखती हैं' वंदे भारत ट्रेन की सीट्स बड़ी असुविधाजनक है, लंबी यात्रा में बैठना मुश्किल हो जाता है। भोजन की ट्रे भी छोटी सी है। सामग्री रखना मुहाल होता है।' बता दे कि यह वही ट्रेन है जिसकी तारीफ पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के नेता समय-समय पर करते रहे हैं।

**सीएम कर रहे है उप राज्यपाल की शिकायत सीबीआई से**

दिल्ली की आप सरकार और उप राज्यपाल के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। हाल ही में उप राज्यपाल ने सब रजिस्ट्रार रेवेन्यू के सभी पद पर महिला अधिकारियों को नियुक्त कर दिया। क्योंकि यह मुख्यमंत्री की इच्छा के विपरीत है इसलिए बताया जाता है कि वे इनके कथित भ्रष्टाचार की शिकायत सी बी आई से कर रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच एजेंसी उनकी शिकायतों पर कितना ध्यान देती है।

**पुलिस में इन दिनों अजीब सी बेचैनी**

दिल्ली पुलिस इन दिनों अजीब सी बेचैनी मे है। कारण वरिष्ठ आई पी एस अधिकारियों के तबादले और पोस्टिंग से है। बताया जाता है कि दिल्ली पुलिस के मुखिया ने एक सूची तैयार करवा ली है। इस बीच कुछ आईपीएस अधिकारी बाहर से तबादला होकर आए और अपनी आमद दर्ज करा दी। इनकी तैनाती गृह मंत्रालय को करनी है। जब तक उनकी पदस्थापना न हो तब तक बात आगे नहीं बढेगी। मुखिया हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

**आयकर विभाग में तबादलों की सुगबुगाहट**

आयकर विभाग में इन दिनों बडे पैमाने पर तबादले होने की सुगबुगाहट है। जाहिर है जोड तोड़ भी तेजी पर है। बताया जाता है कि इन प्रस्तावित तबादलों मे सबसे ज्यादा मध्य रेंज के प्रभावित होने की संभावना है।

# पर्यावरण दिवस पर पुनश्चः आदमी को पहाड़ खाते देखा है..?

**साँच कहै ता../ जयराम शुक्ल**

भोपाल से इंदौर जाते हुए जब देवास बायपास से गुजरता हूँ तो कलेजा हाथ में आ जाता है। बायपास शुरू होते ही बाँए हाथ में हनुमानजी की विराट प्रतिमा है, उसके पीछे खड़े पहाड़ का जो दृश्य है, बेहद दर्दनाक है। उसे देखकर कई भाव उभरते हैं। कि जैसे चमगादड़ ने अमरूद का आधा हिस्सा खाकर फेंक दिया हो। कि जैसे जंगली कुत्तों ने जिंदा वनभैंसे के लोथड़े निकाल लिए हों। कि जैसे हमने बर्थडे की केक को चाकू से काटा हो। यदि आपमें जरा भी संवेदना होगी तो इस अधखाए पहाड़ को देखकर कुछ ऐसे ही लगेगा। दाईं ओर गुंगुआती हुई कई चिमनियां दिखेंगी। दृश्य कुछ ऐसा बनता है कि मानो धरतीमाता के मुँह में जबरन कई सुलगती हुई बीडियाँ दता दी गईं हो।



यह दृश्य सिर्फ देवास का नहीं है। आप जहाँ भी रहते हों उसके दस किलोमीटर की परिधि में नजर दौड़ाइए इससे भी वीभत्स और कारुणिक दृश्य दिखेंगे। पर इसे अंतस से महसूस करने के वाल्मीकि की दृष्टि जगानी होगी, जिन्होंने क्रौंच वध की घटना में क्रौंचनी के अश्रु से उपजी करुणा के चलते सृष्टि की पहली कविता रच दी। हर मनुष्य में यह दृष्टि है।

.... हाँ मैं प्रकृति प्रेमी हूँ मेरी मुक्ति यहीं दिखती है। जब भी समय मिलता है तो विन्ध्य के वनप्रांतर में भटक लेता हूँ। सिंगरौली के धुंए से निकल कर उससे लगे जंगलों में खूब भटका हूँ। प्रकृति के चितेरे महाकवि महर्षि वाल्मीकि आज यहाँ आकर घूमते तो गश खाकर गिर पड़ते। हम भौतिकवादी खुदगर्ज आदमी हैं इसलिए ये सबकुछ देख भी लेते हैं।

यहाँ आकर आप देखेंगे कि आदमी ने किस तरह धरती को उलटा पलटकर माटी के धूहे के नंगे पहाड़ खड़े कर दिए। लगभग तीनसौ किलोमीटर की परिधि का नामोनिशां मिट गया। पहाड़ पिसकर बिजली में बदल दिए गए। खैर के वो अद्भुत जंगलों, वन्यजीवों की बात कौन करे यहां के वासिंदा आज किस लोक में हैं किसी को इसकी खबर नहीं। विकास का आक्टोपस सिंगरौली से लगे सरई क्षेत्र के खूबसूरत जंगलों की ओर बढ़ रहा है। यह दुनिया के सबसे संपन्न जैवविविधता वाला क्षेत्र है। पेंड़ पौधों की दृष्टि से और जीवजंतुओं की दृष्टि से भी।

छत्तीसगढ़, झारखंड के हाथियों का यह कारीडोर है। भालुओं का प्राकृतिक आवास। गुफाओं की श्रृंखला आदमसभ्यता की कहानी कहती हैं। इस क्षेत्र का गुनाह यह है कि इसके पेट में कोयला है और वह कोयला हमारी ग्रोथरेट के लिए जरूरी है। इसलिये चाहिए हर हालपर, किसी कीमत पर। कभी कभी, गुण भी मौत के गाहक बन जाते हैं। जैसे कस्तूरी मृग के लिए, मणि नाग के लिए। यह तय है कि आज नहीं तो कल इस खूबसूरत वन की कस्तूरी और मणि की कीमत विकास की बलिबेदी पर चढ़कर चुकानी होगी।

कहते हैं कि हमारा समाज धर्मभीरु है। उसकी रक्षा के लिए हम किसी पराकाष्ठा तक जा सकतें हैं। यदि ऐसा आप भी सोचते हैं तो एकबार चित्रकूट हो आइए। यहां भगवान श्रीराम साढे ग्यारह वर्ष रहे। जहां वे विचरते रहे होंगे वहीं के जंगल और पहाड़ों के भीतर उम्दा किस्म का बाक्साइट है। इसलिए भगवान् राम की स्मृतियां बची रहें या चाहे जाएं चूल्हे भाड़ में।

बेरहम विकास यात्रा और ग्रोथरेट के चंद्रखिलौना के लिये हमे वो जंगल और वो पहाड़ चाहिए ही चाहिए। जिस सिद्धा पहाड़ को देखकर राम ने ..भुज उठाय प्रण कीन्ह..का संकल्प लिया था उस पहाड़ की गति देखेंगे, जरा भी संवेदना होगी तो रो पड़ेंगे। जेसीबी के पंजों से ऐसे बाक्साईट निकाला है जैसे गीध मरी लाश से अँतड़ियां निकालते हैं। सरभंग ऋषि का जहाँ आश्रम था उस वन प्रांतर को भी खनिज के लिए शिकारी कुत्तों की तरह नोचा खाया गया है।

पूरे देश के पहाड़ों और वनों के साथ ऐसे ही निर्दयी व्यवहार हो रहा है। किसलिए..क्योंकि विकास के लिए ये जरूरी है। इससे ग्रोथरेट बढ़ती है। ग्रोथरेट की गणित बड़ी बेरहम है। खड़े हुए पेंडों का विकास में कोई योगदान नहीं। इन्हें काटकर वहाँ से राजमार्ग निकालिए और पेडों को आरा मिल भेजिए या पेपर मिल, तभी विकास को गति मिलेगी।

खड़े हुए पहाड़ विकास के बाधक हैं। उन्हें केक की तरह काटकर सड़क में पसराना पड़ेगा विकास की गाडी तभी आगे बढेगी। बहती हुई नदियों का विकास में तबतक कोई योगदान नहीं जबतक कि इन्हें बाँधकर गाँवों को न डुबा दिया जाए। यह विकास का नया फलसफा है जहाँ संवेदना, स्मृति, जिंदगी की कोई हैसियत नहीं। विकास के समानांतर विनाश की भी ग्रोथरेट होती है पर इसे नापे कौन? यह अर्थशास्त्रियों के विमर्श का विषय नहीं है।

अब ये कुछ सवाल खुद से पूछिये.। क्या हम कोई पहाड़ बना सकते हैं। क्या जंगल, नदी, झरने पैदाकर सकते हैं। तो फिर इन्हें सजाए मौत देने, नष्टभ्रष्ट करने का अधिकार किसी को कहां से मिला।

पुराणकथाओं में पढ़ा है कि एक बार सहस्त्रबाहु ने नर्मदा को बाँधने की कोशिश की थी परशुराम ने उसके सभी हाथ काट ड़ाले। आज हम नदियों को बाँधने, उनकी धारा को मोड़ने की, पहाड़ों और जंगलों को खाने की राक्षसी कोशिशें कर रहे हैं।

इन्हें हमारे वैदिक वाग्यमय में माता, पिता, सहोदर, भगिनी, पुत्र, बंधु बाँधवों का दर्जा कुछ सोचसमझकर ही दिया गया है। ये हमें देते ही देते हैं। ये हैं तभी हम हैं। नीतिग्रंथों में लिखा है कि प्रकृति से हम उतना ही लें जितना कि एक भ्रमर फूल और फल से लेता है। हमें गाय की तरह दुहने की इजाजत है गाय को ही काटकर खाने की नहीं।

विकास की निर्दयी होड़ ने प्रकृति को कत्लगाह में बदल दिया है। संभल सकें तो सँभलिए नहीं तो याद रखिए ईश्वर की लाठी बेआवाज़ होती है..और हर किए की सजा मिलती है, इसी लोक और इसी काया में।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में न्यायाधीशों द्वारा रोपे गये पौधे



औबेदुल्लागंज। पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह 05 से 11 जून तक सम्पन्न किया जाना है। गौहरगंज, सिलवानी, उदयपुरा, बरेली व गैरतगंज सहित अन्य जगह बड़ी संख्या में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पौधारोपण किया जाना है। तहसील गौहरगंज विधिक सेवा समिति द्वारा अपर सत्र न्यायधीश ओपी रघुवंशी, प्रथम श्रेणी न्यायाधीश प्रीति अग्रवाल एवं प्रथम श्रेणी न्यायधीश अतुल बिल्लोरे द्वारा हरा तालाब गौहरगंज के किनारों पर पौधारोपण किया गया। उक्त पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत न्यायालय गौहरगंज के कर्मचारियों द्वारा पाल पर श्रम दान कर पौधों को लगाने के लिए गड्ढे किये गये। गौरतलब है कि तय समय पर सभी न्यायधीशगण एवं न्यायालय के कर्मचारी पहुंच गये थे परंन्तु वन विभाग का कोइ ज़िम्मेदार मौके पर नही था। लागभग 01 घण्टे बाद पौधे लेकर उक्त स्थल पर वन विभाग की गाड़ी पहुंची। सैंकड़ों की संख्या में सप्ताह भर पौधे रोपे जाएंगे। उक्त अभियानक तहत वृक्षरोपण, स्वच्छ्ता, पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता अभियान का अयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत संबंधित जिलों से गुजरने वाली नदियां, तालाब व जल श्रोतो के घाटों पर साफ सफाई एवं जागरूकता के आदेश हैं।

# कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को भी खुले बैंक



ओबैदुल्लागंज कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देश पर आज दिनांक 04 जून दिन रविवार को जिले के सभी बैंक खुले रहे। बैंकों के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिन बहनों के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं थे तथा डीबीटी सक्रिय नहीं थे, उन सभी खातों की कमियों को आज अधिकारियों की टीम के माध्यम के पूर्ण करवाया गया। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा स्वयं स्टेट बैंक रायसेन जाकर कार्य का निरीक्षण किया गया एवं पूरे जिले में शेष बचे हुए कार्य को आज शाम तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए। जिससे की मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप आगामी दिनांक 10 जून को सभी लाडली बहनाओं के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से एक साथ रु 1000ङ्क1000 की राशि ट्रांसफर हो सके।

# सतधरू परियोजना में घर घर पानी पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का सम्मान

दमोह मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का दमोह विधानसभा में दौरा कार्यक्रम निरंतर जारी है और लोगों की समस्याओं को सुना और तत्काल निराकरण किया उसी तारतम्य में ग्राम बिसनाखेडी में माँ सतधारू परियोजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचने पर बिसनाखेड़ी के लोगों ने पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया का सम्मान किया।तलागाव लखनाखेड़ी , इमलियानायक में भी पूर्व वित्त मंत्री पहुंचे।ग्रामीण द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि घर में सुविधा के सभी साधन होने के बाद भी पानी के बिना मेहनत बेकार है। पानी अति आवश्यक है, इसलिए हमें पानी का व्यर्थ बर्बाद नहीं करना चाहिए। दौरा के समय सरपंच इमलियाघाट अजयसिंह लोधी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष डालचंद कुशवाहा, महामंत्री दानसिह, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, एडवोकेट दिलीप सिंह, सरपंच इंद्रपाल सिंह, टेक सिंह, राजेश सिंह, भगुंत सिंह, दरियाव सिंह, सुल्तान सिंह और भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# जनपद पंचायत दमोह में मनाई गई कबीर दास की जयंती




दमोह जनजातीय कार्य विभाग/जनपद पंचायत दमोह द्वारा आयोजित महान कवि एवं समाज सुधारक, संत शिरोमणि ÷कबीर दास जी÷ की जयंती पर आज जनपद पंचायत दमोह में उनकी वाणी का अनुसरण करते हुए तिलक लगाकर, माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वेयरहाउस कॉरपोरेशन एवं लॉजिस्टिक अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) राहुल सिंह तथा सांसद प्रतिनिधि नरेन्द बजाज विशेष रूप से मौजूद रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सदगुरु कबीर दास जी के चरणों में शत्-शत् नन किया गया। इस अवसर पर राजू ठाकुर, दीपक सिंह परिहार, नरेश पटेल, जनजातीय कार्य विभाग वत्सला शिवहरे, जनपद पंचायत सीईओ विनोद कुमार जैन सहित जनपद सदस्यों, पंचायत, सरपंच एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सौलंकी 5जून से जिले में प्रवास पर , बघेल प्रभारी सह प्रभारी नियुक्त

धार । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। केंद्र और प्रदेश की योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदल रहा है। इन 9 वर्षों में गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं चल रही हैं, इन योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। भाजपा ने 30 मई से 30 जून के बीच विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया है। इसी अभियान के तहत राज्यसभा सांसद डॉ सुमेर सिंह सौलंकी 5 जून से धार जिले के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने राज्यसभा सांसद डॉ सौलंकी के जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह बघेल को प्रभारी एवं संजय बघेल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# महाकाल लोक में भ्रष्टाचार करने वाले भाजपा के भ्रष्ट शासन का बाबा महाकाल अपने त्रिशूल से मध्यप्रदेश में भी अंत करेंगे : अरुण यादव

## बुंदेलखंड के प्रवास के दौरान रहली में भी अरुण यादव ने संवाद कार्यक्रम में भरी हुंकार

भोपाल/सागर। भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष माननीय श्री अरुण यादव जी ने बुंदेलखंड के अपने प्रवास के तीसरे दिन रहली पहुंचकर हुंकार भरी। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर उनमें जोश भरने का काम किया तथा पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में उड़ीसा रेल दुर्घटना के दिवंगतों तथा सेवादल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र चौबे के भाई तथा डीडी पटेल की माताजी के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

रहली के रघुनाथ गार्डन में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव ने कहा कि जिस प्रकार कर्नाटक में बजरंगबली ने अपनी गदा से भाजपा के कुशासन का अंत किया था। ठीक उसी तरह से अब महाकाल लोक में भ्रष्टाचार करने वाले भाजपा के भ्रष्ट शासन का बाबा महाकाल अपने त्रिशूल से मध्यप्रदेश में भी अंत करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि रहली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के जोश और जज्बे को देखकर यह साफ संकेत मिलता है कि रहली विधानसभा क्षेत्र अब भाजपा की गुलामी से मुक्त होगा और भाजपा का 40 साल पुराना यह गढ़ अब टूटने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां आकर कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर लगता है कि रहली विधानसभा सीट को कांग्रेस पार्टी के लिए जीतना कोई मुश्किल काम नहीं है। सिर्फ संकल्प और एकजुटता के साथ इस सीट को आसानी से जीता जा सकता है।

उन्होंने उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि आपसी गिले-शिकवे को भूल कर कमलनाथ जी द्वारा लिए गए 15 सौ रु की नारी सम्मान योजना, 500 रु में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों की कर्ज माफी, ओल्ड पेंशन स्कीम जैसे 5 संकल्पों के साथ घर घर जाकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का काम करें। उन्होंने इन संकल्पों को हर गली मोहल्ले और गांव के अंतिम छोर पहुंचाने का आव्हान किया।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार ने संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री अरुण यादव जी के सागर जिले में आगमन से नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान योजना से महिलाओं में कांग्रेस को लेकर एक नई उम्मीद जगी है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजनों से कहा कि कि अब रहली विधानसभा क्षेत्र में गोपाल भार्गव की जगह कांग्रेस का नाम गूंजना चाहिए।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि रहली के रघुनाथ गार्डन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में श्री अरुण यादव जी ने सबसे पहले पत्रकार वार्ता को संबोधित किया तथा मीटिंग पंडाल में पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। श्री अरुण यादव ने परंपरा से हटकर स्वयं मंच के नीचे तथा महिलाओं व वरिष्ठ नेताओं को मंच पर बैठाया। संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे श्री अरुण यादव ने लगातार 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक बैठकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बातों को बहुत ही गौर से सुना। इस दौरान क्षेत्र के सभी दावेदारों ने अपने अपने संबोधन में संकल्प लिया कि पार्टी जिसे भी टिकिट देगी सभी एकजुटता के साथ उसे जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बुंदेलखंड में कांग्रेस के विजय अभियान को लेकर अपने तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन श्री अरुण यादव के रहली पहुंचने से पहले पूरे रास्ते में फूलमाला और ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ों ग्रामीण जनता ने बुंदेली परंपरा से उनका जगह-जगह स्वागत किया। सागर से रहली विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सौरभ हजारी, ग्राम बड़ौदा में जितेंद्र सिंह राजपूत, ग्राम ढाना में सोम तिवारी, पटना बुजुर्ग में जिला पंचायत सदस्य ज्योति पटेल, ग्राम कड़ता में संजय पटेरिया आदि ने बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता के साथ उनका स्वागत किया। वाहनों के काफिले के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव ने रहली नगर में प्रवेश किया। मुख्य बाजार से रैली के रूप में निकलते हुए उन्होंने रास्ते में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पहुंचकर पर माल्यार्पण किया।

संवाद कार्यक्रम को नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सुशील हजारी प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जीवन पटेल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश साहू पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सौरभ हजारी जिला पंचायत सदस्य ज्योति पटेल गढ़ाकोटा ब्लॉक अध्यक्ष मजीद भाई अनूप ददरया मनोरथ गर्ग अनिकेत सेन पुरुषोत्तम पटेल आजाद खान केशव पटेल यासीन खान नीरज पटेल प्रमोद नायक बलराम साहू रामबाबू कुर्मी सत्येंद्र सिंह ठाकुर योगेश पटेल आदेश सेठ आदि ने संबोधित कर एकजुटता और पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़कर जीत हासिल करने का संकल्प लिया कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक जैन ने किया। कार्यक्रम के अंत में उड़ीसा रेल दुर्घटना के दिवंगतों तथा सेवादल के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र चौबे के भाई तथा डीडी पटेल की माताजी के निधन पर मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगतओं की आत्मा की शांति तथा रेल दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई । इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुनील जैन, एडवोकेट प्रमोद सराफ, पीसीसी के सह प्रभारी वीरेंद्र दवे, अशोक नगर प्रभारी सुरेंद्र सुहाने, प्रदेश कांग्रेस महासचिव वीरसिंह यादव तथा विकास शर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक, जगदीश यादव, रामकुमार पचौरी, रामजी दुबे, बब्बू यादव, जितेंद्र रोहन, सिंटू कटारे, महेश जाटव, यासीन खान अंकेश हजारी जयंत बुंदेला महेंद्र सगोरिया धर्मेंद्र बघेल दयाराम बंसल रविंद्र लोधी सोनू जैन समेत बड़ी संख्या में ब्लॉक मंडलम व सेक्टर पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक विष्णु ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को बांटे प्रमाणपत्र

## केन्द्र में सफलतापूर्वक सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9

बैरसिया।। रविवार को जनपद पंचायत बैरसिया में केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के कार्य के साथ पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ बांटा गया जिसमें लाडली बहना योजना के सुकृत पत्र तेंदूपत्ता संग्राहकों के बोनस प्रमाण पत्र, महिला स्व सहायता समूह को राशि, संबल योजना के लाभार्थी हितग्राहियों को सुकृत राशि ,एवं आवासीय पट्टे सहित अनेकों योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ प्रमाण पत्र कार्यक्रम में उपस्थित विधायक विष्णु खत्री जनपद , नपाध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ द्वारा वितरित किए गए।इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक खत्री ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम किया और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने लाडली बहना योजना बनाई और आने वाले 10 जून को पात्र महिलाओं के खातों में 1 हजार की राशि आएगी। योजना के तहत शगुन के तौर पर अभी खाते में 1 रुपए डाला गया है। जिन भी माताओं बहनों के बैंक में डीवीटी नहीं हुई वह जल्दी से बैंक में डीवीडी करा लें ताकि आप के खातों में राशि आ सके। खत्री ने कांग्रेस की नारी सम्मान योजना पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठे वादे करती है मेरा माताओं बहनों से कहना है कि कांग्रेस के झूठे वादों में बिल्कुल भी ना फंसे पिछली बार कांग्रेस ने किसानों के कर्ज माफी की बात कही थी और नीले पीले फार्म भरे लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ जिससे किसान डिफाल्टर हुआ लेकिन भाजपा सरकार के मुखिया ने डिफाल्टर हुएं किसानों के कर्ज का ब्याज माफ किया। भाजपा सरकार जो कहतीं हैं वह करतीं हैं।



इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजमल गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री कुलदीप सिंह राठौड़, भाजपा उपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, महामंत्री लक्ष्मीनारायण शिल्पी, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी आदित्य जैन, जनपद सीईओ दिलीप जैन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रविन्द्र दांगी पार्षद रणधीर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि आकाश यादव, सरपंच किशोर सिंह दांगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में लाभान्वित हितग्राही मौजूद रहे

# दिन दहाड़े घर पर महिला की नृसंस हत्या



सिवनी- नगर के भैरोगंज इलाके में रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश तिवारी की पत्नी की अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार से मारकर नृशंस हत्या कर फरार हो गए। भैरोगंज महाराजबाग क्षेत्र की घनी आबादी में शाम को हुई इस हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी पुलिस बल एफएसएल टीम पहुंचकर जांच में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश तिवारी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधु तिवारी (65) रह रहे हैं। इससे पहले इनके पुत्र व पुत्रवधू वही रहते थे। लगभग 6 माह पहले से घर पर दोनों बुजुर्ग दंपत्ति ही रह रहे थे। शुक्रवार को लगभग 5 बजे रमेश तिवारी घर के समीप मंदिर में प्रतिदिन की तरह वह पूजन करने मंदिर गए तथा पूजन उपरांत वहां कुछ बुजुर्ग साथी के साथ हमेशा की तरह मैं उनके साथ बातचीत करने बैठ गए घर पर सिर्फ अकेली उनकी पत्नी मधु थी।

शाम को घर के समीप रहने वाली रमेश तिवारी की पुत्री नीतू तिवारी अपने मां-पिता से मिलने मायके घर पहुंची जैसे ही घर पहुंची तो वहां घर का अंदर का एक दरवाजा बंद पाया जोर से धक्का मारने पर दरवाजा खुला। अंदर किचन के कमरे में मां को फर्श में पड़े देख वह आस-पास खून देखकर वह घबरा गई और चिल्लाते हुई वह घर के बाहर निकली और घर के सामने रहने वाले अपने मामाजी व आसपास के लोगों को घटना के विषय में बताया।आसपास के लोग जब वहां पहुंचे तो वे सन्न रह गई इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर दल बल के साथ पहुंची।

दीवाल में खून के छींटे ङ्क इस मामले में उनकी पुत्री ने बताया कि मां के गले में धारदार हथियार से प्रहार किया गया है वहीं उनका मंगलसूत्र पड़ा हुआ था। अलमारी भी खुली थी। संभवतः लूटपाट के इरादे से पहुंचे हत्यारे दरवाजे में हुई आहट की आवाज सुनते ही वह फरार हो गए।

दोनों पुत्र रहते हैं दूर ङ्क रमेश तिवारी के 2 पुत्र धर्मेंद्र तिवारी व छोटा पुत्र रविंद्र तिवारी हैं। तथा एक पुत्री जो घर के समीप भैरोगंज में ही निवासरत है। बड़ा बेटा धर्मेंद्र तिवारी शिक्षक जैतपुरकला वे टैगोर वार्ड में पिछले 6 माह से रहने की बात बताई जा रही है। वहीं छोटा पुत्र रविंद्र तिवारी शिक्षक बम्होडी बरघाट परशुराम भवन डूंडा सिवनी कबीर वार्ड में अपने नवीन मकान में रह रहे हैं विगत 6 माह से घर पर बुजुर्ग दंपत्ति रह रहे थे।

## उज्जैन- संघ शिक्षा वर्ग के समापन पर मध्य क्षेत्र के क्षेत्र सहकार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने कहा

# आज समाज को अपने आसपास के परिवेश के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता

उज्जैन। लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के 21 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष सामान्य का समापन रविवार शाम क्षीर सागर मैदान पर प्रकट कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र के क्षेत्र सहकार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि आज समाज को अपने आसपास के परिवेश के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। समाज में भारत, भारतीयता और हिंदुत्व के प्रति एक विकृत विमर्श खड़ा करने की कोशिश हो रही है।

श्री मुक्तिबोध ने कहाकि पाठ्यक्रम,कला,साहित्य आदि क्षेत्रों को हिंदुत्व विरोधी विमर्श का केंद्र बनाया जा रहा है। हिंदू समाज को एक समग्र ईकाई की तरह न देखते हुए उसे जातियों, वर्गों और श्रेणियों में विभाजित समाज के रूप में चित्रित किया जा रहा है। इसी चिंतन के फलस्वरूप संघ में दैनिक शाखा तथा विभिन्न प्रकार के वर्गों का काम प्रारंभ हुआ। संघ के वर्गों में शारीरिक तथा बौद्धिक प्रशिक्षण और सामूहिकता तथा सहजीवन के संस्कार प्राप्त कर स्वयंसेवक समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका का निर्वहन करते हैं। समाज की सहभागिता से स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों ने सामाजिक परिवर्तन और उत्थान के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

श्री मुक्तिबोध ने कहा कि आज कबीर जयंती के दिन इस वर्ग का समारोप हो रहा है। कबीरदास जी एक कर्मशील संत थे। उन्होंने समाज को कुरीति और रूढ़ियों से मुक्त रहने की शिक्षा दी। यह वर्ष भगवान महावीर का 2250 वां निर्वाण वर्ष है। जिनके 5 सूत्र हमारे लिए सामाजिक जीवन की आचार संहिता के समान हैं। जीयो और जीने दो का उनका संदेश वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता को रेखांकित करता है। इसी वर्ष छत्रपति शिवाजी के राज अभिषेक के 350 वर्ष पूर्ण हुए हैं। शिवाजी महाराज ने समाज को दासता की मानसिकता से मुक्त किया। आत्मविश्वास और आत्मगौरव जगाकर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए स्व आधारित राज्य स्थापित करने वाले वे एक युगपुरुष थे। इसी वर्ष स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन के 200 वर्ष पूर्ण हुए। महर्षि दयानंद ने कुरीति निवारण और सामाजिक चेतना के जागरण में महत्वपूर्ण काम किया। अपने सांस्कृतिक आधार के प्रति समाज में मौजूद भ्रम का निवारण करते हुए उन्होंने पुन- वेदों की ओर लौटने का आग्रह किया। महर्षि दयानंद सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में स्वराज की परिभाषा देते हुए यह स्पष्ट किया की स्वदेशी स्वभाषा और स्वबोध के बिना स्वराज संभव नहीं है। वे भारत के स्वाधीनता संग्राम में एक प्रेरणा पूंज के रूप में सदैव उपस्थित रहे।




**प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवकों ने प्रकट दिवस पर किया दंड युद्ध और संचलन का प्रदर्शन**

संघ के मध्य क्षेत्र के स्वयंसेवको का संघ शिक्षा वर्ग द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण 15 मई से लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में चल रहा था। प्रशिक्षण हेतु मध्य क्षेत्र के अलग-अलग प्रांतों से 326 प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवक 21 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग में प्रशिक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवकों को 46 शिक्षकों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ही बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर क्षीरसागर मैदान पर आयोजित प्रकट कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा निरुद्ध,दंड युद्ध,दंड संचलन,पीरामिड,दंड समता, योग और आसन का प्रदर्शन किया। इस दौरान उज्जैन शहर की आम जनता और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दीपक जाटव ने भी प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस अवसर पर वर्ग के सर्वाधिकारी चरणजीत सिंह कालरा और उज्जैन महानगर सह संघचालक योगेश भार्गव उपस्थित थे।

**12600 परिवारों से राम रोटी का सहयोग प्राप्त हुआ**

संघ शिक्षा वर्ग में आए 326 प्रशिक्षार्थी स्वयंसेवकों और 46 शिक्षकों के लिए उज्जैन के 600 परिवारों से लगातार 21 दिन तक 10 रोटी प्रति पैकेट से अर्थात 12600 परिवारों से राम रोटी का सहयोग प्राप्त हुआ

RAJ BHAVAN BHOPAL

**राज्यपाल का सचिवालय राजभवन, म.प्र. भोपाल**

क्रमांक 1316 / रास / आईटी /2023 1जून, 2023

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राजभवन, भोपाल में कंप्यूटर उपकरणों के वार्षिक रखरखाव के अनुबंध के संबंध में भोपाल स्थित ऐसी संस्थाओं से सील बंद लिफाफे में निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं जिन्हें इस क्षेत्रान्तर्गत म.प्र. के राज्य स्तरीय कार्यालयों में कम से कम तीन वर्ष के कार्य का अनुभव हो। अनुबंध / निविदा की प्रस्तावित शर्तें एवं अनुबंध हेतु प्रस्तावित कंप्यूटर उपकरणों का विवरण वेबसाईट https://governor.mp.gov.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं। दिनांक 22.06.2023 अपरान्ह 1.00 बजे तक प्राप्त निविदाऐं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन कक्ष में निविदा समिति के समक्ष उसी दिन सायं 4.00 बजे खोली जायेंगी।

जी-14111/23

स्वरोचिष सोमवंशी
राज्यपाल के उप सचिव, मध्यप्रदेश

**कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल (म.प्र.)**

( Emai-dc.dcobpl@mp.gov.in, Phone No 0755-2464315 )

**वाहन अनुबंध विज्ञप्ति**

उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल के कार्यालय हेतु कुल 02 (दो) चार पहिया वाहनों यथा सम्भव बुलेरो/ स्विफ्ट डिजायर / अर्टिगा/ टाटा टिगोर को वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि (अर्थात् दिनांक 10.06.2023 से 31.03.2024 तक) के लिये शासन द्वारा निर्धारित शर्तो एवं स्वीकृत दरों पर किराये से लिया जाना है। इस हेतु इच्छुक ट्रेवल्स/संस्था/ फर्म से सील्ड निविदायें आमंत्रित है।

किराये पर उपलब्ध कराये जाने वाले वाहन का पंजीयन वर्ष 2020 के पूर्व का नहीं होना चाहिए एवं वाहन टैक्सी कोटे के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। निविदा दिनांक 08.06.2023 को दोपहर 02:00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी, जो कि समिति के समक्ष उसी दिन 16:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी । इच्छुक निविदादाता निविदा की अन्य शर्तों की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र रूपये 200/- (दो सौ रूपये मात्र) का भुगतान ई-चालान (विभागीय शीर्ष 0039-00-800 - 0761 अन्य प्राप्तिया) के माध्यम से जमा कर कार्यालय उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल ई-5/78, अरेरा कालोनी भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं ।

( अजय शर्मा
उपायुक्त आबकारी
संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल

जी-14088/23

# क्या सच में नहीं हो रहा भाजपा में कोई बदलाव...?

## राज-काज

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बन जाने की अफवाह के बाद प्रदेश में भाजपा सरकार और संगठन में नेतृत्व परिवर्तन का मसला ठंडा पड़ गया है। ऐसा तीन नेताओं के बयानों के बाद हुआ। सबसे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयर्गीय ने कहा कि प्रदेश में कोई बदलाव नहीं हो रहा। विधानसभा का चुनाव मुख्यमंत्री




शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। इसके बाद खुद वीडी शर्मा ने कहा कि वे प्रदेश अध्यक्ष बने थे, तब उन्हें नहीं पता चला था कि वे अध्यक्ष बनने वाले हैं और जब मेरे हटने का निर्णय होगा, तब भी मुझे पता नहीं चलेगा। बदलाव की अटकलों पर अंतिम विराम भाजपा के राष्ट्रीय नेता विनय सहस्त्रबुद्धे के बयान से लगा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई नेतृत्व परिवर्तन होने वाला नहीं है। शिवराज सिंह चौहान पर पार्टी को पूरा भरोसा है। हालांकि उन्होंने वीडी शर्मा का नाम नहीं लिया। इससे लगता है कि भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगाकर चुनाव पर फोकस बढ़ा दिया है। पार्टी के अंदर असंतोष सबसे कमजोर कड़ी मानी जा रही है। इसे दुरुस्त करने का काम शुरू हो गया है। पार्टी के नेता असंतुष्टों से बात कर रहे हैं, और अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हुई है।

### कटनी में भाजपा के पूर्व विधायकों के बागी तेवर...!

सागर, जबलपुर सहित कुछ जिलों के बाद अब कटनी में बगावत के स्वर सुनाई पड़ने लगे हैं। यहां के चार पूर्व विधायकों ने कांग्रेस से भाजपा में आए संजय पाठक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन पूर्व विधायकों अलका जैन, सुकीर्ति जैन, गिरिराज पोद्दार एवं रुद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जिले में सत्ता और संगठन पूरी तरह से पाठक के कब्जे में है। पाठक जो चाहते हैं, वही होता है। हालात ये है कि हमारे पास लंबे समय से कोई काम नहीं है। अलका जैन सहित कुछ ने बाकायदा वीडियो जारी कर कहा है कि यदि हमें कोई काम न मिला तो हम अपना अलग रास्ता चुनने को मजबूर होंगे। इन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ संगठन के मुखिया वीडी शर्मा को भी अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। शिकायत की प्रतियां दिल्ली तक पार्टी नेतृत्व के पास भेजी गई हैं। कटनी वीडी शर्मा के लोकसभा क्षेत्र में आता है। भाजपा के सामने समस्या यह है कि वह एक जिले के असंतुष्टों से निबट नहीं पाती और दूसरे जिले से नाराजगी के स्वर फूट पड़ते हैं। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में तय हुआ था कि यदि कोई नेता सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, लेकिन असंतुष्टों पर नेतृत्व के निर्देश बेअसर हैं। इस तरह असंतोष का बढ़ना, उजागर होना भाजपा के लिए खतरे की घंटी है।




### भाजपा को कैलाश, कांग्रेस को याद आए अरुण....

भाजपा को अपने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कांग्रेस को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव की याद आ गई है। ये दोनों नेता अपने-अपने दलों में उपेक्षा का दंश झेल रहे थे। न कैलाश के पास पार्टी की ओर से कोई काम था, न अरुण की कांग्रेस में पूछपरख थी। विधानसभा चुनावों में कांटाजोड़ हालात बनने के बाद दोनों दलों को अपने इन नेताओं की क्षमता समझ में आ गई। इसीलिए कैलाश को अचानक सक्रिय किया गया। वे भोपाल-दिल्ली के बीच सेतु बने। रात में मुख्यमंत्री निवास और प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकें कर पार्टी के अंदर पनप रहे असंतोष पर काबू पाने की कोशिश की। ग्वालियर जाकर जयभान सिंह पवैया एवं अनूप मिश्रा से एकांत चर्चा की। आखिर! कैलाश हैं भी अच्छे रणनीतिकार और चुनाव प्रबंधक। दूसरी तरफ अरुण को प्रदेश में यादव समाज को कांग्रेस के पक्ष में लामबंद करने का काम सौंपा गया। शुरूआत उन्होंने बुंदेलखंड के दौरे से की। इसके बाद वे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में जाएंगे। गुना में भाजपा सांसद केपी यादव केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण पार्टी में असहज हैं। कांग्रेस इसका भी लाभ उठाने की कोशिश में है। महाकौशल सहित प्रदेश के अन्य अंचलों में भी यादव वोटरों की तादाद अच्छी खासी है। कांग्रेस ने इन्हें साध लिया तो उसकी पौ-बारह हो सकती है।

### 'सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठमलट्ठा' चरितार्थ...

कांग्रेस में भावी मुख्यमंत्री को लेकर 'सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठमलट्ठा' जैसे हालात हैं। दरअसल, कांग्रेस मानकर चल रही है कि चुनाव बाद उसकी ही सरकार बनने वाली है। लिहाजा, मुख्यमंत्री को लेकर अभी से सिर-फुटौव्वल है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कमलनाथ प्रदेश कांग्रेस के सर्वशक्तिमान नेता हैं। पार्टी उनके नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ रही है। ऐसे में कमलनाथ एवं उनके समर्थकों को यह अभियान चलाने की क्या जरूरत है कि चुनाव बाद कमलनाथ ही मुख्यमंत्री बनेंगे? इस मसले पर अरुण यादव, अजय सिंह, डॉ गोविंद सिंह जैसे नेता कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव बाद होगा। इनकी हां में हां दिल्ली से आने वाले कांग्रेस नेताओं ने मिलाई है। पहले प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस में पहले से नेता घोषित करने की परंपरा नहीं है। चुनाव बाद विधायक दल और पार्टी नेतृत्व मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेगा। यही बात दिल्ली से आए पवन खेड़ा ने भी मीडिया से बात करते हुए कही। फिर भी विवाद शांत नहीं है। अब दिग्विजय सिंह ने कह दिया कि चुनाव बाद कमलनाथ ही मुख्यमंत्री बनेंगे, प्रदेश की 99 फीसदी जनता उन्हें ही चाहती है। सवाल ये है कि कांग्रेस अभी से कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने की जल्दी में क्यों हैं? ऐसा कर अनावश्यक विवाद क्यों पैदा किया जा रहा है?

### राजधानी में सरकार के एक मंत्री का बंगला ऐसा भी..



भाजपा प्रवक्ता डॉ हितेश वाजपेयी ने सरकार के एक कद्दावर मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले का जिक्र अपने ट्वीट में अलग अंदाज में किया है। ऐसा उन्होंने इसलिए भी किया क्योंकि राजधानी की चकाचौंध में सराबोर सत्ता के गलियारों के बीच इस मंत्री का बंगला ऐसा है, जो क्षेत्र के लोगों और मरीजों से भरा रहता है। उनके इलाज के साथ ठहरने, खाने-पीने की सारी व्यवस्थाएं हैं। वाजपेयी ने अपने ट्वीट में लिखा कि मैंने जाकर देखा कि 'बंगले के एक हिस्से में गोपाल भार्गव रहते हैं। बंगले के दूसरे हिस्से में 100 मरीजों के लिए बढ़िया ठहरने की व्यवस्था है, जो भोपाल जैसे मंहगे शहर में इलाज के लिए आते हैं। जब मैं गया तब भोजनशाला में उनके लिए भोजन तैयार हो रहा था, मूंग की दाल, फुल्के और भिन्डी की सब्जी। दर्शन उस अन्त्योदय के हकदारों के हुए, जिनके आशीर्वाद से गोपाल जी का सार्वजनिक जीवन 'अजेय' हुआ। ग्रामीणों की वो उम्मीद से भरीं कृतग्य आंखें जैसे लाखों मौन आशीर्वाद गोपाल जी को देते हुए महसूस कर रहा था मैं। उनके इस रूप को देखकर मुझे गर्व हुआ कि मैं उस पार्टी का सदस्य हूं, जिसके नेता गोपाल भार्गव जी जैसे हैं। यह हमारे जैसे राजनैतिक कार्यकर्ताओं के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है जो राजनैतिक क्षेत्र के उद्देश्य को समझाता है और उसकी सार्थकता के दर्शन कराता है।'

## रैप स्टार रफ्तार ने की इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 के कंटेस्टेंट अक्षय पाल की तारीफ; कहा, मैं तुमसे सीख सकता हूं

**मुंबई एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का देसी डांस रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3, इस जून के महीने में डांस का फेस्ट शुरू कर रहा है, जिसमें कंटेस्टेंट्स अपने अनोखे एक्ट्स के साथ इस आर्ट फॉर्म को सेलिब्रेट करेंगे। डांस और एंटरटेनमेंट के इस अल्टीमेट सेलिब्रेशन में तीन का तड़का चैलेंज होगा, जहां कंटेस्टेंट्स और उनके कोरियोग्राफर्स की जोड़ियां सुपर डांसर की यंग प्रतिभाओं के साथ बनाई जाएंगी। इस दौरान अक्षय पाल, कोरियोग्राफर वर्तिका झा और लिटिल वंडर अमित कुमार मसालेदार गाने बाबूजी ज़रा धीरे चलो पर एक जोरदार एक्ट देकर एनर्जी तीन गुना बढ़ा देंगे। इस परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए जज गीता कपूर बड़े फिल्मी अंदाज़ में इन तीनों की तारीफ करते हुए कहेंगी, लगी, लगी बिजली लगी और बहुत कड़कती हुई लगी। वो आगे कहेंगी, अक्षय, वर्तिका और अमित, ये है तीन का तड़का ! आप लोग साथ में बहुत बढ़िया थे ! मुझे कहीं भी ऐसा नहीं लगा कि आप सोलो परफॉर्म कर रहे थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कलाकारों ने की एक बेहतर भविष्य की वकालत!

**मुंबई एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस बड़े मार्मिक तरीके से हमें यह याद दिलाता है कि हमारे ग्रह का भाग्य हमारे हाथों में है। यहां सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रतिभाशाली कलाकार पर्यावरण की साख बनाए रखने के महत्व पर चर्चा कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी जीवन शैली की वकालत कर रहे हैं। कथा अनकही में विआन का किरदार निभा रहे अदनान खान ने कहा, हाल के वर्षों में, मैंने ऐसी हर आदत को बदलने की सजग कोशिश की है, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती है। चूंकि प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध लागू किया गया है, इसलिए मैंने इसके इस्तेमाल से पूरी तरह से परहेज किया। प्लास्टिक की थैलियों, स्ट्रॉ और यहां तक कि प्लेट्स को अन्य विकल्पों के साथ बदल दिया गया है। जब बिजली के उपकरणों का उपयोग ना हो तो मैं उनको अनप्लग जरूर करता हूं, क्योंकि बंद होने पर भी टीवी और चार्जर जैसे प्लग-इन आइटम्स एनर्जी लेते रहते हैं। मेरा मानना है कि जब भी संभव हो, मैं ऊर्जा का संरक्षण करके पर्यावरण पर सकारात्मक असर कर सकता हूं।

## प्रवेग लिमिटेड का वित्त वर्ष 23 का शुद्ध लाभ 132 प्रतिशत बढ़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारतीय पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी तथा इवेंट और प्रदर्शनी मैनेजमेंट इंडस्ट्रीज में एक विख्यात नाम,प्रवेग लिमिटेड (बीएसई 531637) ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। इस अवसर पर बोलते हुएकंपनी के चेयरमैन,श्री विष्णु पटेल ने कहा, मैं सहर्ष आपकोवित्त वर्ष 23 के आपकी कंपनी के विशेष प्रदर्शन की जानकारी देता हूं। वर्ष के दौरान हमारी कंपनी उल्लेखनीय सीमाचिन्हों तक पहुंची है, साथ ही ट्रेवल उद्योग में हमारी उपस्थिति स्थापित कर रही है- हमने सफलतापूर्वकजनवरी 2023 में, हमारे मेहमानों को विशिष्ट और मनमोहक अनुभव ऑफर करते हुए वाराणसी में टेंट सिटी का ऑपरेशन शुरू किया। हमें दिऊ में घोघिया बीच पर टेंट सिटी के डेवलपमेंट, ऑपरेशन,मेंटेनेंस और मैनेजमेंट का मूल्यवान वर्क आर्डर प्राप्त करने का गौरव मिला है। तीन वर्ष की अवधि में हम रेस्टोरेंट और कॉन्फ्रेंस रूम के साथ न्यूनतम 35 टेंटों का निर्माण करेंगे। इसमें हमारी क्षमता में दर्शाए गए विश्वास के साथ 2 वर्ष के एक्सटेंशन की संभावना है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने कैंसर रोगियों के बेहतर उपचार के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के लिए 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। टीएमसी देश भर में कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्र चलाने वाली एक प्रमुख संस्था है। आईसीआईसीआई बैंक अपने सीएसआर फंड से 7.5 लाख वर्ग फुट के संयुक्त क्षेत्र में फैली तीन नई इमारतों की स्थापना के लिए राशि प्रदान करेगा। साथ ही महाराष्ट्र में नवी मुंबई, पंजाब में मुल्लांपुर और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करेगा। किसी भी संगठन द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिया गया यह सबसे बड़ा एकल योगदान है। आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर शाखा आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ (आईसीआईसीआई फाउंडेशन) इस पहल को लागू करेगी। इस प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की संभावना है।आधुनिक उपकरण और मल्टी-डिसिप्लीनरी टीमों के विशेषज्ञों के साथ ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट में उत्कृष्टता वाले ये नए केंद्र एक वर्ष में लगभग 25,000 नए रोगियों को एडवांस्ड और एविडेंस बेस्ड थैरेपी प्रदान करेंगे। इस तरह ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट से संबंधित वर्तमान क्षमता दोगुना हो जाएगी, जिससे देश के कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा।

# मजबूत अर्थव्यवस्था में भी करोड़ों बेरोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2022-23 में कुल जीएसटी कर संग्रह 18.10 लाख करोड़ रुपये रहा। यानी हर महीने का औसत जीएसटी कर संग्रह 1.51 लाख करोड़ से अधिक बना रहा। कई महीनों में 1.5 लाख करोड़ की मनोवैज्ञानिक सीमा से ऊपर रहा तो किसी भी महीने में यह कर संग्रह एक लाख करोड़ रूपये से कम नहीं दर्ज किया गया। इन्हीं आंकड़ों का असर रहा कि 2023 की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी।



चूंकि, जीएसटी कर संग्रह वस्तुओं-सेवाओं की बिक्री और खरीद पर आधारित है, यह मानने के लिए ठोस आधार हैं कि इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था अच्छी गति से आगे बढ़ी। इसका महत्व इस अर्थ में और ज्यादा बढ़ जाता है कि इसी दौर में विश्व की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। यूरोप और अमेरिका ऊंची मुद्रास्फीति से परेशान हैं और उनका महंगाई कंट्रोल करने का कोई तरीका काम नहीं करता दिखाई पड़ा है। इसी दौर में यदि भारत ने न केवल महंगाई पर लगाम बनाए रखी है तो विकास दर भी अच्छे स्तर पर बनाए रखने में सफलता पाई है।

**बढ़ रही बेरोजगारी-** लेकिन 2023 की जिस पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था ने 6.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज किया, उसी तिमाही के पहले महीने यानी जनवरी में देश में बेरोजगारी दर 7.14 प्रतिशत थी। देश में मार्च में बेरोजगारी दर 7.8 प्रतिशत तो बीते अप्रैल माह में बढ़कर 8.11 प्रतिशत हो गई। बीते एक वर्ष में देश में औसत बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत या उसके ऊपर रही। ये आंकड़े यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि विकास के आंकड़े सबको रोजगार देने में असफल साबित हो रहे हैं। इसका कारण क्या है

**पूरी तस्वीर नहीं दिखाते ये आंकड़े-** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार ने अमर उजाला से कहा कि जिन आंकड़ों के आधार पर देश की अर्थव्यव्यवस्था को बेहतर बताने की कोशिश की जा रही है, ये पूरी सत्यता नहीं बयां करते। ये आंकड़े संगठित क्षेत्र की उन बड़ी कंपनियों के होते हैं जिनकी सूचना सरकार के पास उपलब्ध हो पाती है। इनमें देश की कुल कार्यशील क्षमता के केवल 6 प्रतिशत लोग ही काम करते हैं। भारत के असंगठित क्षेत्र में देश के लगभग 94 प्रतिशत कामगार काम करते हैं, लेकिन इनका कोई आधिकारिक आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध नहीं होता।

**कामगारों की भागीदारी कम हो रही-** चीन जैसी अर्थव्यवस्था में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन का अनुपात लगभग 65 प्रतिशत है, जबकि चीन की तुलना में कम मशीनीकृति भारत में यह अनुपात केवल 43 प्रतिशत के करीब है। ऐसे में माना जा सकता है कि भारत में लगभग 20 प्रतिशत के करीब लोग ऐसे हैं जो काम कर सकते हैं, लेकिन उनके पास कोई काम नहीं है। एक अनुमान के अनुसार यह आंकड़ा 19 करोड़ के करीब हो सकता है। अर्थव्यवस्था की यह तस्वीर भयावह है जिसका सच इन आंकड़ों में सामने नहीं आ पाता।

प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि ये 19 करोड़ लोग वे हैं जिन्हें काम न मिलने के कारण अब उन्होंने काम की तलाश करना ही छोड़ दिया है। इनका भार भी उसी कार्यबल पर है जो स्वयं छिपी हुई बेरोजगारी के शिकार हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति और ज्यादा खराब होती है और उनके जीवन स्तर पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसका असर खराब स्वास्थ्य और बिखरते सामाजिक संबंधों के रूप में अनेक रूपों में दिखाई पड़ता है।

**संगठित-असंगठित क्षेत्र में अंतर-** इन दिनों भारत में ई कॉमर्स कंपनियों का बड़ा जाल दिखाई पड़ रहा है। लोग घर बैठे मोबाइल पर मोबाइल, कपड़े, मशीनों के साथ-साथ खाने-पीने का सामान तक ऑर्डर कर रहे हैं। जब तक ई कॉमर्स कंपनियां बाजार में नहीं थीं, लोगों को यही सामान खरीदने के लिए बाजार जाना पड़ता था। इससे छोटे-छोटे दुकानदारों को बिजनेस मिलता था। लेकिन अब यह पूरा बाजार शिफ्ट होकर ई कॉमर्स कंपनियों के पास चला गया है।

**समय रहते कदम उठाने की आवश्यकता-** इससे ई कॉमर्स कंपनियां लगातार मजबूत हो रही हैं तो छोटे-छोटे दुकानदारों की कमाई खत्म हो रही है। बड़ी कंपनियां एक स्टोर से सामान पैक कर लोगों के घरों तक पहुंचा रही हैं जिससे उनका खर्च भी बहुत कम आ रहा है और वे ज्यादा लाभ भी कमा रही हैं, जबकि खुदरा व्यापारी को दुकान का किराया, बिजली-पानी का खर्च सहित अनेक खर्च चुकाने पड़ते हैं। आने वाले समय में जैसे-जैसे आर्टिफिशियल तकनीकी का प्रभाव बढ़ेगा, लोगों की नौकरियां जाएंगी और यह समस्या बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। सरकार को उस परिस्थिति का बेहतर आकलन करते हुए समय रहते कदम उठाने की आवश्यकता है।

## बाल्को में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में सरकार, मध्यस्थता विवाद में सुलह की कर रही कोशिश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार बाल्को कंपनी में अपनी बची हुई 49 प्रतिशत हिस्सेदारी में से कुछ हिस्सा बेचने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार कंपनी के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग करने की योजना बना रही है। हालांकि मध्यस्थता विवाद सरकार की राह में रोड़ा बना हुआ है, इसके लिए सरकार बाल्को के प्रमोटर वेदांता समूह के साथ बातचीत कर रही है। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट के सचिव तुहिन कांत ने यह जानकारी दी है।

**स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के लिए विवाद को खत्म करना जरूरी-** तुहिन कांत ने बताया कि वेदांता लिमिटेड के साथ अभी शुरुआती बातचीत हुई है। बता दें कि बाल्को के प्रमोटर वेदांता समूह ने साल 2009 में सरकार के खिलाफ मध्यस्थता कानून के तहत वाद दायर किया था। अब सरकार वेदांता लिमिटेड के साथ बातचीत कर इस मध्यस्थता विवाद को खत्म कर सुलह की कोशिश कर रही है। तुहिन कांत ने बताया कि अगर कंपनी की पब्लिक लिस्टिंग करनी है तो इसके लिए मध्यस्थता विवाद को वापस लेना पड़ेगा।

**कैसे हुआ विवाद-** केंद्र सरकार ने साल 2001 में सरकारी कंपनी भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) में 51 फीसदी हिस्सेदारी स्टर्लाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड को बेच दी थी।

## गाजियाबाद जिले में 10 हजार उद्योगों को 4 महीने के लिए मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद जिलें में दस हजार से अधिक उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। डीजल जेनरेटर पर पाबंदी के चलते उद्योगों की हो रही समस्या को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पाबंदी हटा ली है। फिलहाल 30 सितंबर तक डीजल जेनरेट चलाने की छूट दी गई है।

नए आदेश के तहत 19 केवी क्षमता तक के जेनरेटर के इस्तेमाल पर कोई पाबंदी नहीं होगी। सिर्फ ग्रैप लागू होने की अवधि में इन जेनरेटरों को चलाने पर पाबंदी रहेगी। वहीं 125 केवी क्षमता तक के जेनरेटरों को ग्रैप अवधि में दो घंटे चलाने की अनुमति है, इन्हें पीएनजी और डीजल से चलाया जा सकता है। सामान्य दिनों में इन पर कोई पाबंदी नहीं है। बाजार में 125-500 केवी क्षमता के जेनरेटरों के आपूर्तिकर्ता की भारी कमी है। 500 केवी क्षमता से ज्यादा के जेनरेटरों को पीएनजी में परिवर्तित कराने के लिए रेट्रो फिटमेंट बेहद खर्चीला और उपलब्धता के लिहाज से भी मुश्किल है। उद्यमियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के महासचिव राजीव अरोड़ा ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को लेकर 15 मई से बगैर पीएनजी वाले जेनरेटर एवं उद्योगों पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया था।

**जेनरेटर से पाबंदी हटने पर इन उद्योगों को लाभ-** नए आदेश के बाद जिले में फैब्रिकेटर, खराद मशीन, ड्रिल मशीन, आटा चक्की, तेल मशीन एवं जेनरेटर उद्योगों को इससे बड़ी राहत मिली है। उद्यमियों ने इस फैसले की सराहना की है।

## टाटा ग्रुप गुजरात में लगाएगा 13,000 करोड़ रुपए की लिथियम-आयन बैटरी गीगा फैक्ट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बिजनेस ग्रुप, टाटा ग्रुप ने शुक्रवार को गुजरात में लिथियम-आयन सेल मैन्युफैक्चरिंग गीगा फैक्ट्री स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की। परियोजना के प्रारंभिक चरण में, रतन टाटा समर्थित समूह 13,000 करोड़ का निवेश करेगा। यह विकास देश की अपनी इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति श्रृंखला बनाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। 2 जून को टाटा समूह समर्थित सहायक अग्रतास एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशन और गुजरात सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



गुजरात राज्य सरकार के एक अधिकारी विजय नेहरा ने रॉयटर्स को बताया, यह प्लांट गुजरात और भारत में ईवी इकोसिस्टम के विकास में योगदान देने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा। उत्तरी गुजरात के साणंद क्षेत्र में स्थित योजना पर काम होगा। पहले चरण में, प्लांट की प्रारंभिक निर्माण क्षमता 20 गीगावाट घंटे (तह्ॅड्ढ) होगी। दूसरे चरण में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता दोगुनी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, परियोजना के तीन साल से कम समय में शुरू होने की उम्मीद है।

## कंपनी ने शेयरधारकों के लिए 1-1 बोनस की घोषणा की और ?5 प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** फोर व्हीलर्स और टू व्हीलर्स वाहनों के लिएफ्रेम्स और ट्रिम्स जैसे सीटिंग सल्यूशंस के निर्माण के बिजनेस में कार्यरत,एनडीआर ऑटो कॉम्पोनेंट्स(एनएसई -ह्ष्ठक्रड्डह्र एवं बीएसई -543214) ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है 7

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए,एनडीआर ऑटो कॉम्पोनेंट्स के होल टाइम डायरेक्टर- श्री प्रणव रेलन ने कहा,÷मैं यह रिपोर्ट देते हुए हर्षित हूं कि हमने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 में शानदार ग्रोथ हासिल की है 7 हमारे क्लाइंटों की मजबूत मांग शानदार मोमेंटम को बरकरार रखने में सहायक रही है और उल्लेखनीय रूप से हमारी आय में सुधार हो रहा है। हमारी लागत नियंत्रण पर सख्त नजर होने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ है जिससे एबिटडा और शुद्ध लाभ में वृद्धि हुई है 7हमारी वित्तीय मजबूती के परिणामस्वरूप हम ?5 प्रति शेयर लाभांश और 1¬1 बोनस की सिफारिश कर रहे हैं,जो हमारे शेयरधारकों को पुरस्कृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हम भविष्य के बारे में अति आशावादी है क्योंकि हम निरंतर ऑटोमोबाइल्स की जोरदार मांग की उम्मीद कर रहे हैं 7यह सकारात्मक आउटलुक आगे चलकर हमारी कंपनी के प्रदर्शन के लिए शुभ लक्षण है। वित्त वर्ष 23 के सफल वर्ष ने हमारे निरंतर ग्रोथ और लाभप्रदता के लिए ठोस आधारशिला रखी है 7 हमें विश्वास है कि हम ऐसे अवसरों को भुनाने के लिए सुसज्ज है,जो आगे मिलने वाले हैं।

## रोजगार परिणामों को बढ़ाने के लिए भारत का पहला इम्पैक्ट बॉन्ड

**नई दिल्ली।** अपनी तरह का पहला स्किल इम्पैक्ट बॉन्डअपनी यात्रा में पंद्रह महीने का है और इसने अब तक 18 राज्यों औरकेंद्र शासित प्रदेशों के करीब 18,000 युवा भारतीयों को नामांकित किया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा अग्रणी - कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तत्वावधान में भारत मेंअपनी तरह का एक सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल - औरमिशन-संरेखित भागीदारों का एक गठबंधन, स्किल इम्पैक्ट बॉन्ड काउद्देश्य कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लागू करने के तरीके कोबदलना है, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए कौशल औररोजगार के बीच की खाई को पाटने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भले ही भारत ने निजी और सार्वजनिक क्षेत्र दोनों से रोजगार केअवसरों में सुधार के लिए जबरदस्त प्रयास और निवेश देखा हो, रोजगार की दर - विशेष रूप से महिलाओं के लिए कम बनी हुई है।देश की महिला श्रम बल भागीदारी दर (स्नरुक्कक्र) लगातार 30त्न परकम रही है और अनुसंधान में पाया है कि स्किलिंग कार्यक्रमों मेंनामांकित 100 में से केवल 10 महिलाओं का केवल 10 महीने तकनौकरियों में रहना जारी है। इसे पहचानते हुए, एनएसडीसी और पार्टनर्स के एक गठबंधन ने2021 में चार साल के स्किल इम्पैक्ट बांड को भारत के पहलेडेवलपमेन्ट इम्पैक्ट बांड के रूप में लॉन्च किया, जो कि नौकरीप्लेसमेंट और रिटेन्शन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एकआउटकम-आधारित अप्रोच के लिए है।

## मारोती दाभाड़े को विदाई दी



**सौसर।** नगर पालिका में नगरपालिका कर्मचारी मारोती दाभाड़े को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंद्रचंद डागा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मौसम पालेवार, सभापति , पार्षद गण एवं नगरपालिका कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में विदाई दी गई इस अवसर पर सभी के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य पूर्ण जीवन की कामना की सभापति, श्रीमती आशा युवराज बेडे, श्रीमती अर्चना दिगंबर वरु डकर, श्रीमती मृणाली दर्शन झाड़े, श्रीमती संगीता खुशाल उफाट, एडवोकेट रवी धुर्वे पार्षद गण श्रीमती गीता बाई मारबते, राम कृष्णा राऊत, भरतजी तरारे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, बीजेपी नेता युवराज बैडे, दिगंबर वरुड़कर, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पति ने पत्नी की कर दी पिटाई

**अमरवाड़ा ।** थाना अंतर्गत ग्राम सालीवाला की रहने वाली हेमलता पिछले 2 दिनों से बार बर दस्त हो रहे थे रविवार को दोपहर 3 बजे अपने पति जयराम जो गांव के अशोक वर्मा के घर बैठा था उसके पास गई और बोली मेरे लिए दवाई ला दो 2 दिनों से तबीयत खराब है इतना कहने पर पति जय राम आपे से बाहर हो गया और हेमलता को सबके सामने मां बहन की गंदी गंदी गाली देने लगा पत्नी द्वारा गाली देने से मना किया और बोली ?5 की दवाई आएगी गाली क्यों दे रहे हो पति जयराम ने हेमलता का हाथ मरोड़ दिया जिससे उंगली एवं कलाई में चोट आई चोट आई तथा हाथ मुक्का से पीठ में मारा बोल रहा था। नहीं दूंगा दोबारा बोली तो जान से खत्म कर दूंगा पत्नी की रिपोर्ट पर सहायक उपनिरीक्षक रजनीश सोनी ने मारपीट गाली गुप्तार और जान से मार देने की धमकी का प्रकरण पति जयराम के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## राज्य सैनिक कल्याण संचालक के आगे रखे कई मुद्द



**सौंसर।** दो दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश राज्य सैनिक बोर्ड के संचालक भोपाल से ब्रिगेडियर(से.नि.) अरुण नायर, सेना मेडल का छिन्दवाड़ा ज़िला में आगमन हुआ द्य " face to face introduc-tion and interac-tion " में आईवीओ ज़िला महासचिव वेटेरन प्रदीप कलसकर अपनी टीम के साथ आज छिन्दवाड़ा जिले के गोरखपुर में उपस्थित हुए। और संचालक को छिन्दवाड़ा आईवीओ की गतिविधियों से अवगत कराए। एल्बम व समाचार पत्रों की कटिंग देख़ पढ़ कर ब्रिगेडियर साहब भी काफ़ी प्रभावित हुए एवं प्रशंसा करते ना थके । आईवीओ की टीम द्वारा संचालक को Esm द्वारा ECHS, CSD Canteen की अन-उपलब्धता की समस्या और जिले के एकमात्र युद्धवीर 1971 की Indo-pak war के जीवन बलिदानी शहीद लालमन काठोंते के स्टेचू के निर्माण करने हेतु माँग की गई। एक और विशेष सुझाव जिसे आगन्तुक संचालक महोदय ने रुचि लेकर नोट किए, वो ये कि, प्रत्येक जिले से सामाजिक उत्थान हेतु कर्मठ कार्यकर्ता Esm के 10 नाम ज़िला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा व राज्य स्तर पर 10 Esm के नाम राज्य स्तर पर संचाल-नालय सैनिक कल्याण द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को भेजकर उन ESM को पुरस्कृत किया जाने हेतु सुझाव दिया गया आज़ वेटेरन प्रदीप कलसकर, वेटेरन फूलसिंह युवनाती, वेटेरन रमेश गौतम, वेटेरन अंबडकर वेटरन गुलाब पठारे सहाब भी उपस्थित थे।

## नारी सम्मान योजना के भरे जा रहे आवेदन



**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा प्रदेश की महिलाओं के हित में नारी सम्मान योजना सशक्त बेटी समृद्ध नारी नारियों का सम्मान मध्यप्रदेश का अभियान की शुरुआत प्रदेश में की गई है इसी तारतम्य में जिले के सांसद नकुल नाथ, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी जी ,के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज शुक्ला जी के द्वारा शहर में विधिवत् वार्ड स्तर पर सघन अभियान नारी सम्मान योजना के लिए चलाया जा रहा है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक-2 में महिलाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए पंजीयन कराया जा रहा है तदाशय की जानकारी देते हुए वार्ड के समन्वयक मुकेश उपाध्याय ने बताया कि नारियों का सम्मान मध्यप्रदेश का अभियान के तहत सभी वर्गों की युवतियों एवं महिलाओं के लिए नारी सम्मान योजना के अन्तर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये (सालाना 18000 रूपये) व घरेलू गैस सिलेंडर 500 रूपये में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदान किये जाएगें।

## जन्म दिवस पर वृद्धजनों को रामायण भेंट की एवं फल वितरण किया

**छिन्दवाड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयं सेवक बलराम उईके के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर वृद्धा आश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उन्हें रामायण भेंट की एवं फल वितरण किया गया वृद्धजनों के बीच उनकी समस्याओं को जाना और अपनी श्रम, सेवा,सहयोग की भावना और निरंतर समाज सेवा की भावना को चरितार्थ किया ! राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवको ने कहा कि हम प्रत्येक शुभअवसर पर समय समय पर वृद्धाश्रम आकर वृद्धजनों का हाल जानिंगे और उनकी सहायता करिंगे !और कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा हैं हमें सेवा के लिये समर्पित रहना चाहिए ! इस अवसर पर समाज सेवी सुनील असराठी, एनएसएस वरिष्ठ स्वयं सेवक शिवसिंग डेहरिया, बलराम उइके सुर्जेश बट्टी, प्रदीप डेहरिया, सूरज धुर्वे,शोभा धुर्वे,शिवानी धुर्वे, श्रष्टि डेहरिया, आदि उपस्थित रहे ।

# स्वच्छता अभियानजन जागरुकता लाने के लिए जन सेवा मित्र कर रहे हैं नित नई-नई पहल

### शंकरवन में सीएम जन सेवा मित्रों ने नदी को साफ सुथरा बनाने चलाया स्वच्छता अभियान



**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत नियुक्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा समाज में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से नित नई-नई पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आज सीएम जन सेवा मित्रों ने जिले के आदिवासी अंचल विकासखंड बिछुआ के प्रसिध्द शंकरवन धाम से निकलने वाली नदी को साफ-सुथरा बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाकर नदी की साफ-सफाई की गई। छिंदवाड़ा सीएम फैलो श्री गौरव जैन ने बताया कि इस अभियान में अटल बिहारी वाजपेयी नीति एवं विश्लेषण संस्थान भोपाल के द्वारा नियुक्त मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र सर्वश्री जमुना चौरिया, अभिषेक विश्वकर्मा, आशीष गोदेवार, इमलिया गजाम, पूनम उइके, निखिल परतेती, दुर्गेश सोनी, उमेश साहू, किरण वर्मा, गेशांसु रघुवंशी, नीलेश उइके, प्रज्ञा इंदौरकर, समीक्षा गोंडाने, ढालसिंग सोनेवार, प्राची मंगरोले आदि के द्वारा सहभागिता की गई।

## लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट पर केंद्रित सोच विकसित करने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई



**छिन्दवाड़ा।** मिशन लाइफ मेरी लाइफ के अंतर्गत जिले के मोहखेड़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बीसापुर कला में लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट पर केंद्रित सोच विकसित करने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों से जैव विविधता व पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुये पीबीआर अपडेशन व वेरिफिकेशन किया गया। इस दौरान बैठक में सरपंच वेदप्रकाश सिसोदिया ने कहा कि ग्राम में जैव विविधता व पर्यावरण संरक्षण के लिये अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में स्कूली छात्रों के लिये जैव विविधता संरक्षण पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और जैविक खेती करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाना भी आवश्यक है जिससे लोग जैविक खेती की ओर अपना रूख अपना सकेंगे । मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश सोनेवार ने पीबीआर अपडेशन की आवश्यकता और इसके महत्व पर चर्चा करते हुये कहा कि विलुप्त होती वनस्पति के संरक्षण के लिये हमें आगे आना ही होगा, तभी भावी पीढ़ी के लिये इसे हम बचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल में मेरी लाइफ एप इनस्टाल कर अपने को पर्यावरण अनुकूल बनाने की आदतों का अनुकरण करने के लिये भी हम अग्रसर हो सकेंगे। इस दौरान पंचायत समन्वय अधिकारी लक्ष्मीकांत सोनी, ग्राम पंचायत सचिव ओमकार मालवीय, श्री दिपेश सोनी आदि उपस्थित थे ।

## बिना हेलमेट लगाए बाइक चालक काफिया चालान

**अमरवाड़ा.** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग पर बिना हेलमेट लगाए मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रधान आरक्षक प्रवीण श्रीवास्तव आरक्षक मनीष तनोडिया अशोक रघुवंशी महेश राजू भारती अभिषेक सा नोडिया ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पांच वाहनों का चालान कर 15 सो रुपए समन शुल्क वसूल किया

## नागपुर सामान लेने गया युवक लापता.

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगो ड़ी चौकी के ग्राम पिंडरई दबीर से चौरई निवासी आरिफ नामक युवक 2 दिनों पूर्व नागपुर वाहन के कलपुर्जे लेने गया हुआ था लेकिन 2 दिनों तक वह नागपुर से वापस नहीं आया नागपुर में पता करने पर पता चला कि वह नागपुर में नहीं है 2 दिनों तक आरिफ के परिजनों ने उसकी तलाश सिंगोड़ी चौरई छिंदवाड़ा नागपुर में किया नहीं मिलने पर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सिंगोली चौकी में करने पर सहायक उप निरीक्षक दिलीप यादव द्वारा गुम इंसान कायम कर प्रकरण पतासाजी में लिया गया।

## उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.पक्षवार ने ली विभागीय

## सट्टा पट्टी लिखते धर दबोचा

अमरवाड़ा। थाना अंतर्गत सिंगोडी चौकी के बस स्टैंड मैं एक व्यक्ति जोकि सट्टा पट्टी लिखकर उनको पर रुपयों से जीत हार का दाव लगा रहा और अवैध लाभ अर्जित कर रहा ऐसे व्यक्ति को मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम मैं हिम्मत अमली से घेराबंदी किया तो आरोपी राकेश पुलिस को देख कर भागने लगा तब ग्रामीणों के सहयोग से उसे धर दबोचा गया नाम पूछने पर अपना नाम राकेश निवासी सिंगोडी बताया आरोपी के पास से पेन एवं 250 जप्त किए चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुशराम ने धारा 4 का सट्टा एक्ट मैं मामले को पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## प्रशासन द्वारा पॉक्सो एक्ट का घोर दुरुपयोग

छिंदवाड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत सारे धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने आज महामहिम राष्टपति , प्रधानमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन द्वारा पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर कार्यवाही की माँग की । ज्ञापन में बताया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के 12 साल से अध्यक्ष एवं 6 बार के सांसद ब्रजभूषण सिंह पर 28 अप्रैल 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज की। ब्रजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला पंजीबध्द किया है। परंतु आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई । सभी विपक्षीय दल एवं पहलवान गिरफ्तारी की मांग कर रहें हैं। वहीं दिल्ली पुलिस जाँच कर रही है । पुलिस का मानना है कि सभी आरोप बेबुनियाद है। इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो रही। जबकि पाक्सो एक्ट में नियम है कि आरोपी की गिरफ्तारी उसके बाद जाँच। इस एक्ट में यह भी नियम है कि यौन उत्पीड़न के कोई सबूत नहीं भी है और पीड़िता के बयान आरोपी के खिलाफ है तो भी सजा का प्रावधान है । ऐसा ही मामला संत आशाराम बापू का भी रहा है। 14 नवम्बर 2012 को पाक्सो एक्ट कानून लागू हुआ जिसमें पहला प्रकरण संत आशाराम बापू पर 20 अगस्त 2013 को दर्ज किया गया। जहाँ जोधपुर पुलिस ने बिना जाँच पड़ताल किये, बिना कोई सबूत देखे उन्हें जेल में डाल दिया। आशाराम बापू के विश्व के 167 देशों में लगभग 60 करोड़ से अधिक साधक हैं जिन्होंने पूरे विश्व में आध्यात्मिक क्रांति लाकर करोड़ों लोगों का जीवन उन्नत किया। लाखों लोगों को धर्मान्तरण से बचाकर घर वापसी करवायी । इसी कारण किसी दबाववश प्रशासन ने झूठा आरोप में प्रकरण दर्ज किया है संत समस्त मानव कल्याण के लिए हैं , तो उन्हें जेल में डाल दिया !

## एनएसएस एवं एन.वाय.के. के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय साइकल



**छिंदवाड़ा।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय साइकिल रैली का आयोजन एनएसएस एवं एन.वाय.के. के संयुक्त तत्वाधान में किया गया रैली का शुभारंभ जिला एन.वाय.के. प्रभारी केके उर्मालिया एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. वाय.के. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया एवं स्वयं सायकल चला कर स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन किया जिसमें पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह पूषाम , चौराई महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी डॉ मनोज माहोरे, राष्ट्रपति पुरस्कृत मुरलीधर राव इनकी उपस्थिति में साइकिल रैली पुलिस ग्राउंड से होते हुए इंदिरा चौराहा परासिया रोड होते हुए कलेक्टर ऑफिस के सामने से पोला ग्राउंड से होते हुए वापस पुलिस ग्राउंड पर साइकिल रैली का समापन हुआ द्य सायकल रैली समापन के पश्चात् डॉ. वाय.के. शर्मा ने बताया कि मेरे जीवन काल से अभी तक मैंने सायकल चलाकर लगभग 600 लीटर पेट्रोल बचाया एवं सायकल चलाकर स?वस?थ?या का संदेश दिया। पीजी कॉलेज रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगमोहन सिंह ने सभी स्वयं सेवक को सायकल चलाने के लिए प्रेरित किया ताकि सभी स्वस्थ्य रहे एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश दिया। विश्व सायकल रैली में पीजी कॉलेज एनएसएस सहायक टीम लीडर विशाल सलामे, नियमित गतिविधि अध्यक्ष नीलेश ब्रम्हने, सांस्कृतिक गतिविधि अध?यक्ष लोकेश सनोडिया, चंदन साहू, महिला इकाई टीम लीडिर आकांक्षा डेहरिया, प्रयंजल उईके और चौरई महाविद्यालय एन.एस.एस. स?वयं सेवक देवेश सोनी, निहाल वर्मा एवं एन.वाय.के. स्वयंसेवक राहुल बानिया, आरती डोंगरे, दीपक पवार, प्रेरणा सोनवंशी एवं बड़ी संख्या में एन.एस.एस. तथा एन.वाय.के. के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ग्राम तंसरामाल में ध्यान योग शिविर



**छिन्दवाड़ा।** प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ व निरोग रहे इस उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और रामकृष्ण मिशन (कान्हा शांति वनम) हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में एकात्म अभियान के अंतर्गत जिले के विकासखंड मोहखेड़ के प्रत्येक सेक्टर के प्रत्येक ग्राम में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम तंसरामाल में ध्यान योग शिविर संपन्न हुआ। म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर ने बताया कि विकासखंड समन्वयक मोहखेड श्री भवानी कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न योग शिविर में ग्रामीण स्वयं को स्वस्थ व निरोग रखने के लिए अपनी सहभागिता दे रहे हैं। एकात्म अभियान के अंतर्गत ध्यान योग शिविर को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तंसरामाल के अध्यक्ष श्री विनोद डोंगरे, सेक्टर 4 की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हिवरावासुदेव के अध्यक्ष श्री जितेंद्र साहू और रामकृष्ण मिशन हैदराबाद के प्रशिक्षक श्री रामाराव की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## परिवार परामर्श केन्द्र 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए 1प्रकरण नस्तीबद्ध किया



परासिया। प्रकरण में आवेदक पति ने कहा कि शादी के 2 वर्ष हो गए दाम्पत्य जीवन से एक पुत्री है पत्नी काम के समय सोती हैं बात बात बात पर झल्लाती है पत्नी ने कहा कि पति कोई काम नहीं करता इसी बात पर कहासुनी हो जाती है छोटी बच्ची के कारण कभी कभी आराम करना पड़ता है सास भी छोटी-छोटी बातों पर कहा सुनी हो जाती है पत्नी ने कहा कि मुझे मेंटली डिस्टर्ब कहते हैं पत्नी की सास ने बताया कि बहू ठीक काम नहीं करती देर तक सोती है पत्नी की मां अलग रहने की बात कहती है पत्नी 1माह से मायके में है दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे दोनों पक्षों को समझाइश दी गई सहमति बनाने के लिए अगली पेशी दी गई।

एक अन्य प्रकरण में पत्नी ने बताया कि शादी के 3वर्ष हों गए एक बालक है पति छोटी-छोटी बातों पर मार पीट करता है पति शराब भी पीता है पति राजमिस्त्री का काम करता है पति ने कहा कि पत्नी ठीक से काम नहीं करती पत्नी गर्भवती है एक बार झगड़े में पत्नी ने बचाव के लिए सरपंच के घर गई सरपंच ने फोन पर मायके वालों को बुलवाया और पत्नी मायके गई पत्नी को डिलेवरी तक के लिए मायके में रहें पति इसके लिए तैयार हो गया पति ने कहा कि में जितना खर्च होगा वहन करुंगा दोनों को समझाइश दी गई एक माह बाद आकर सुचित करने की सलाह दी गई

एक अन्य प्रकरण में शादी के20वर्ष हो गए दो बच्चे हैं बच्चों की आयु 18-16वर्ष की है पत्नी ने कहा कि पति परिवार में खर्च नहीं करता पति ने कहा कि पत्नी का कहीं अवैध संबंध है पत्नी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई का एवं अन्य खर्च मैं स्वयं करती हूं पति ने मार पीट भी किया है पति ने कहा कि मैं पत्नी को साथ रखने को तैयार हूं परन्तू पत्नी मोबाइल पर संदिग्ध व्यक्तियों से न बात करें न ही संदेश भेजें पत्नी आंगनबाड़ी में सहायिका है दोनों को समझाइश दी गई समन्वय बनाने के लिए अगली पेशी दी गई।

## भगवान श्री जगन्नाथ,भ्राता बलभद् और बहिन श्री सुभद्रा का पारम्परिक रूप से 108 कलशों के द्वारा पावन स्नान कराया



**छिन्दवाड़ा।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ जी,भ्राता श्री बलभद्र जी और बहिन श्री सुभद्रा जी का पारम्परिक रूप से 108 कलशों के द्वारा पावन स्नान कराया गया। जिसके परिणामस्वरूप वे ताप ज्वर से ग्रसित हो गए।छिन्दवाड़ा जगन्नाथ रथयात्रा समिति प्रमुख पं.स्पंदन आनंद दुबे ने बताया कि धूप में स्नान करने के कारण महाशक्ति त्रय अस्वस्थ हो गये हैं अत: आगामी 15 दिनों तक विविध जड़ी बूटियों से उनका उपचार किया जावेगा।इस अवधि में वे दर्शन नहीं देवेंगे और उनके स्थान पर भगवान श्री मदन मोहन जी के दर्शन होंगे।इस वर्ष तीनों पावन विग्रहो के आगमन की 25 वीं वर्षगाँठ का महा महोत्सव मनाया जा रहा है। पुरी की तर्ज पर होने वाली जगत्पति श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा की प्रतीक्षा जिले के भक्तजन अतीव श्रद्धा के साथ कर रहे हैं।

## जन्म दिन पर मजदूरों के बीच बाटी खुशियां



परासिया। प्रतिभा किसी की मोहताज नही , और न कोई काम छोटा बड़ा होता है । यह बात उस समय सच हुई , जब मजदूरों के साथ मजदूरी कर रहे क्षेत्र क्रमांक 16 के वर्तमान जनपद सदस्य सुनील अहके का जन्मदिन पर मजदूरों ने मनरेगा योजना अंतर्गत खेत तलाब में काम करते हुऐ मनाया । प्रतिभा के धनी और अपनी अलग पहचान के लिए पहचाने जाने वाले परासिया जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 के जनपद सदस्य ख़िरसाडोह ग्राम पंचायत में मेट का काम करते है । मजदूरों के बीच रहकर मजदूरों का दुख दर्द बाटते हुए उन्होंने जनपद क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाई , और सफल हुए। लेकिन उन्होंने जनपद सदस्य रहते हुए भी मजदूरी नही छोड़ी । इसी का नतीजा है कि आज ख़िरसाडोह पंचायत में खेत तालाब का काम करने पहुँचे जनपद सदस्य सुनील अहके का मजदूरों ने उनके जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे मजदूरों को केक खिलाकर खुशियां बाटी ।

# परासिया मैं दो फाड हुई कांग्रेसश विधायक के खिलाफ लामबंद हुआ दूसरा गुट



**परासिया।** विधानसभा चुनाव को लेकर अब कुछ ही महीने बचे हैं। जबकि इस बार चुनाव को काफी महत्वपूर्ण मानते हुए छै माह पूर्व प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेश और भाजपा में काफी जद्दोजहद बढ़ गई दोनों पार्टी में अनेक दावेदार सामने आ गए हैं और वे क्षेत्र में लगातार सक्रियता बढ़ा रहे हैं ।दावेदारों के कारण दोनों पार्टी में जमकर गुटबाजी बढ़ गई है । वैसे तो जब भी बड़े नेता क्षेत्र में आते हैं। तो कार्यक्रमों में नेता एवं कार्यकर्ता मात्र दिखावे के लिए एकजुट रहते हैं। लेकिन हकीकत में देखा जाए तो पार्टियां दो फाड में बढ़ गई है। स्थानीय स्तर पर जो बैठक एवं कार्यक्रम हो रहे हैं। उसमें गूट विशेष के लोग ही शामिल रहते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है ।कि चरम पर पहुंच चुकी गुटबाजी से चुनाव में पार्टियों का नुकसान होगा विधानसभा क्षेत्र में दो बार से कांग्रेस के विधायक सोहन वाल्मीकि है। लेकिन इस बार भले ही वे टिकट के प्रमुख दावेदार हैं ।लेकिन विधानसभा क्षेत्र में उनके खिलाफ एक बड़ा माहौल बन गया है। चुनाव के कारण पार्टी में दो फाड़ हो गई है। गत मंगलवार को परासिया के लान में कांग्रेस के एक गुट विशेष का सम्मेलन आयोजित हुआ जो कि क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सम्मेलन की खबर जिला के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तक पहुंच गई है। गुट विशेष के इस सम्मेलन को विधायक सोहन वाल्मीकि के खिलाफ देखा जा रहा है।इस सम्मेलन में सोहन वाल्मीकि को छोड़कर बाकी जितने भी टिकट के अन्य दावेदार हैं वे सभी एकजुट हुए सम्मेलन में यह तय किया गया कि सभी दावेदारों के नाम टिकट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ को भेजे जाएंगे और इन दावेदारों में से किसी एक को ही टिकट देने की मांग करेंगे गुट विशेष की इस बैठक में विधानसभा चुनाव के जो दावेदार है । जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार इन्टक नेता चंद्रभूषण डहेरिया युवा नेता सागर बवरिया भीम सिंह डहेरिया उमरेठ के मानक बेलवंशी सिम्मी पुरिया संतोषी डहेरिया उर्मिला नागवंशी आदि शामिल रहे वही सम्मेलन पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया वरिष्ठ नेता मोहम्मद अबरार चांदामेटा नगर परिषद के अध्यक्ष गोविंद बजोलिया महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिभा सोनी छिंदा के पूर्व पंचायत सदस्य हरविन्दर राव विनोद सोनी सुशील जायसवाल भाजी पानी भमोडी की जनपद सदस्य संतोषी डेहरिया वरिष्ठ नेता बसंत मालवीय पूर्व इंटक नेता जब्बार खान अकील शेर खान जिला सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप राय श्रीमति संतवत कौर पूर्व सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद खालीक शिवपुरी के संजीव सिंह सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साफ सफाई एवं श्रम दान कर पर्यावरण की सुरक्षा का दिया संदेश

**छिंदवाड़ा।** पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश श्री सुधीर कुमार सक्सेना के मंशाअनुरूप तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर श्री उमेश जोगा के प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री विनायक वर्मा के निर्देशन में जिले के समस्त पुलिस भवनों में न्यूनतम 2 घंटे श्रमदान कर पुलिस भवन एवं परिसर की साफ सफाई की गई ।जिले के समस्त पुलिस भवनों में आज प्रात: 9:00 बजे से ही पुलिस जवान से लेकर पुलिस अधीक्षक तक सभी अधिकारियों द्वारा साफ सफाई की गई। और निरंतर परिसर की सफाई रखने का प्रण लिया गया।पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा द्वारा स्वंम पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रत्येक शाखा के प्रभारी के साथ परिसर की सफाई की गई ।जिले के समस्त थाना प्रभारी द्वारा जवानों के साथ थाना भवन और परिसर की सफाई की गई ।थाना में रखे जप्त वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करवाया गया और वाहन पर जानकारी लिखवाई गई ।थाना / चौकी /पुलिस लाइन/एसडीओपी कार्यालय/ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शौचालय की सफाई करवाई गई। और उसमे नए बाल्टी, मग रखवाए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त जिले के अधिकारियों को प्रति रविवार 2 घंटे श्रमदान कर भवन परिसर की साफ-सफाई करने हेतु प्रेरित किया गया और भविष्य में इसमें निरंतरता रखने की सलाह दी गई ।इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा द्वारा स्वयं पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन में श्रमदान कर साफ-सफाई की एवं उनके साथ डीएसपी यातायात श्री रामेश्वर चौबे, डीएसपी आजाक अमन मिश्रा ,रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी एवं समस्त थानों के थाना प्रभारी थाना परिसर में एवं अनुविभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यालयों की साफ सफाई के दौरान उपस्थित रहे।

# बेटे-बेटियों की शिक्षा और कोचिंग में सहयोगी बने किरार समाज: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रत्येक समाज को शिक्षा, उद्यमशीलता, पर्यावरण-संरक्षण, नशा-मुक्ति अभियान और बेटियों को सशक्त बनाने के कार्यों में अपना योगदान देना है। किरार-धाकड़ समाज भी इस दिशा में अपनी भूमिका को सक्रिय बनाये। समाज स्तर पर विद्यार्थियों को शिक्षा और कोचिंग के लिए बेहतर सुविधाएँ देकर उनका मनोबल बढ़ाये। समाज-बंधु यह संकल्प लें कि बेटियों का अपमान नहीं होने देंगे। उनके सशक्तिकरण के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज समाज स्तर पर निर्धन विद्यार्थियों के लिए बड़े शिक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ कर उनके परिश्रम और उनकी प्रतिभा को सार्थक करना है। भोपाल में किरार भवन और छात्रावास निर्माण का कार्य जारी है। समाज के ऐसे बेटे-बेटियाँ जो कमजोर वर्ग के हैं और प्रतिभाशाली हैं, उनके लिये पढ़ने और रहने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल के बीएचईएल दशहरा मैदान में अखिल भारतीय किरार, क्षत्रिय महासभा और अखिल भारतीय धाकड़ महासभा के महासंगम-2023 को संबोधित कर रहे थे। अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी हुआ, जिसमें किरार, किराड़, धाकड़, नागर और मालव युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज सम्मेलन में मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य प्रांतों से किरार बंधु एकत्र हुए हैं। किरार समाज मुख्य रूप से खेती और उससे जुड़े कार्य करता रहा है। हल धारण करते हुए किसान के रूप में भारत के अन्न के भण्डार भरने वाले इस समाज के पूज्य आराध्य देव श्री धरणीधर भगवान बलराम हैं। सामाजिक प्रगति के साथ अन्य क्षेत्रों में समाज का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। कोई भी समाज आगे बढ़ता है तो देश भी आगे बढ़ता है। समाज की प्रगति से देश की प्रगति होती है। अपना हिन्दुस्तान दिनों-दिन आगे बढ़ेगा। अलग-अलग समाज मिलन कार्यक्रम करते हैं, जो उद्देश्यपूर्ण होते हैं।

### पर्यावरण-संरक्षण में भी अपना योगदान बढ़ाएँ: श्रीमती चौहान

किरार समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह चौहान ने कहा कि किरार समाज कृषि प्रधान समाज है। आज यहाँ समाज पदाधिकारियों का भव्य स्वागत देखने को मिला है। यह स्वागत भारतीय समाज का संस्कार हैं। आज युवक-युवती परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह भी परिणाममूलक रहेगा। गत परिचय सम्मेलन में अनेक जोड़े विवाह-सूत्र में बंधे थे। युवा यह चाहते हैं कि संबंध ऐसे परिवार में हो जहाँ सभी की भावनाओं का ध्यान रखा जाता हो। परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है।

श्रीमती सिंह ने बताया कि संभावना कोचिंग संस्था से अनेक विद्यार्थियों ने कोचिंग प्राप्त कर यूपीएससी, पीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने जिन अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई में कमी नहीं रखी, ऐसे सभी अभिभावकों को धन्यवाद।

लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश धाकड़, पूर्व निगम अध्यक्ष राम किशन चौहान, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, किरार महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी पटेल, सुरजीत सिंह चौहान, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के सदस्य और बड़ी संख्या में किरार समाज के नागरिक उपस्थित थे। प्रारंभ में रामस्वरूप पटेल ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदीप चौहान द्वारा सम्पादित विशेष स्मारिका का विमोचन किया। प्रतिभा सम्मान समारोह का संचालन ब्रजेन्द्र चौहान ने किया।




भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भोपाल, द्वारा एकांत पार्क पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया, पौधों की छोटी कन्याओं द्वारा आरती उतारी गई सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ जरूरी है हम सभी मिलकर इन पौधों की रक्षा करेंगे समय पर खाद पानी भी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ दक्षिण पश्चिम संयोजक महेंद्र दवे, पंचशील नगर मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, विनोद प्रजापति अशोक सेन बृजेंद्र सिंह राजपूत सुशील पांडे प्रकाश मोटवानी राकेश मालवीय शहीद खान संतोष मालवीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



बोट क्लब पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय पर्याणरण मंत्री भूपेंद्र यादव के वीडियो कॉन्फ्रेंस के पर्यावरण के कार्यक्रम में महापौर मालती राय,, एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, मंडल अध्यक्ष नितिन परिहार एवम निगम आधिकारी उपस्थित रहे। यहां पर्यावरण जागरूकता के अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## सीएम ने की रतलाम कलेक्टर की तारीफ़, 34 पीड़ितों को 25 करोड़ की जमीन का दिलवाया था कब्जा





**रतलाम।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम जिला प्रशासन द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए कलेक्टर सूर्यवंशी की तारीफ की है। सीएम ने रतलाम कलेक्टर द्वारा किए ट्वीट पर ट्वीट करते हुए कहा कि रतलाम जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को बधाई, जिन्होंने तत्परता दिखाते हुए भू माफियाओं के कब्जे से करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि मुक्त कराकर पात्र नागरिकों को उनके भूखंडों का कब्जा दिलाया।

बता दें कि सीएम पूर्व में भी रतलाम कलेक्टर सूर्यवंशी के कार्यों की सराहना कर चुके हैं और अब कलेक्टर को एक बार फिर मुख्यमंत्री की सराहना और शाबाशी मिली है। बता दें कि शनिवार को भूमाफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों से परेशान लोगों को जिला प्रशासन ने राहत देते हुए करीब 26 सालों से प्लॉट खरीदने के बाद पजेशन के लिए परेशान हो रहे नागरिकों को प्लॉट का कब्जा दिलवाया था। खास बात यह थी कि कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने मौके पर पहुंचकर सभी प्लॉट धारकों को उनका कब्जा दिलाया था।



छोटे तालाब में कचरे के ढेर....सफाई का इंतजार...।



कलचुरी समाज द्वारा पं.धीरेंद्र शास्त्री का विरोध जारी है।

## तलाक केस से नाराज पति ने पत्नी पर किया ब्लेड से हमला

**भोपाल।** अयोध्यानगर इलाके में केस कराने से गुस्साए पति ने पत्नी पर ब्लेड मारकर जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस दौरान हुई जब पत्नी काम पर जा रही थी।

जानकारी के अनुसार पति रास्ते में छुपकर पत?नी का इंतजार कर रहा था। हमले से पत्नी के चेहरे व सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। आरोपि?त शराब पीने का आदी है। दोनों में अक्सर विवाद होता था। दोनों का कोर्ट में तलाक केस चल रहा है। एसआई भगवती शर्मा ने बताया आदमपुर छावनी, बिलखिरिया का रहने वाला गोपाल यादव (36) पुताई का काम करता है। 10 साल पहले उसकी शादी आनंद नगर की रहने वाली दीपा यादव से शादी हुई।

# परिवहन विभाग में हड़ताल, आरटीओ में पसरा सन्नाटा




**भोपाल।** परिवहन विभाग के राजपत्रित अधिकारियों व तृतीय वर्ग कर्मचारियों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार सुबह 10 बजे से हड़ताल शुरू हो गई। इसका असर आरटीओ संबंधी कामकाम पर पड़ने लगा है। ट्रांसपोर्ट नगर कोकता आरटीओ भवन परिसर में सन्नाटा पसर गया है। मुख्य प्रवेश द्वारों पर ताले लगे हुए हैं। काम कराने वाले इक्का-दुक्का लोग आरटीओ पहुंच रहे हैं, जो वापस बिना काम कराए लौट रहे हैं।

मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ परिवहन विभाग के अध्यक्ष श्याम यादव ने बताया कि हड़ताल का पहला दिन है। कोई काम नहीं कर रहा है। आरटीओ संजय तिवारी से लेकर अन्य अधिकारी व वरिष्ठ कर्मचारी आरटीओ संबंधी काम नहीं कर रहे हैं। जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती हैं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। बता दें कि मप्र परिवहन (राजपत्रित) अधिकारी संगठन ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है। इससे पहले संगठन के पदाधिकारी निरंतर अपनी मांगों को लेकर परिवहन आयुक्त व शासन स्तर के अधिकारियों को ज्ञापन दे रहे थे, लेकिन अब तक मांगें नहीं मानी गई। इससे संगठन के पदाधिकारियों ने हड़ताल करने का ऐलान कर दिया। संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सूर्यवंशी व महासचिव संजय तिवारी ने बताया कि हमारी मांग है कि जिला अनूपपुर परिवहन कार्यलय में की गई कार्रवाई तत्काल वापस लिया जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों का वेतन विसंगति समस्या दूर हो, कैडर रिव्यू करने, बस हादसा होने पर आरटीओ की जिम्मेदारी न मनाने, कार्यरत लिपिक को परिवहन उप निरीक्षक के पद की विभागीय भर्ती सहित कुल सात मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। इसमें परिवहन विभाग के मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भी हड़ताड़ पर हैं। ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन, वाहनों की फिटनेस, एनओसी आदि कार्य हड़ताल से आरटीओ व डीटीओ संबंधी कार्य नहीं हो रहे हैं।

## 4300 स्वसहायता समूह ने 48176 गृहणियों को बनाया आत्मनिर्भर

**भोपाल।** जिले की ग्राम पंचायतों में अब महिलाएं तेजी से विकास की और बढ़ रहीं हैं। अब वह चूल्हे-चोके और घर गृहस्थी एवं खेत खलिहान तक ही सीमित नहीं हैं।इन्होंने खुद के रोजगार तो स्थापित किए ही हैं साथ ही साथी महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं।जिले की पंचायतों में जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित किए जा रहे 4300 स्वसहायता समूह नारी सशक्तीकरण का एक बड़ा

उदाहरण बनते जा रहे हैं। इन समूह से जुड़कर 48176 आत्मनिर्भर बनने के साथ ही कीर्तिमान रच रहीं हैं। समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं महिलाओं ने बताया कैसे वह स्वरोजगारी बनीं और अब समाज में सम्मान पा रही हैं।

ग्रामीण महिलाओं ने स्वसहायता समूह से जुड़कर अपने कारोबार शुरू किए हैं। इनमें सबसे प्रमुख है दीदी कैफे जो कि जिले में अभी छह अलग-अलग स्थानों संचालित किए जा रहे हैं। इन कैफे में बनने वाले व्यंजनों का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सपत्नीक जायका भी ले चुके हैं।रोजगार मेले में स्वसहायता समूह के स्टाल से होने वाली आमदानी से आर्थिक मजबूती के लिए वरदान साबित हो रहा है।वहीं अब जल्द ही जिले का सातवां दीदी कैफे मुख्यमंत्री निवास में खोलने की तैयारी चल रही है।

## 10 वीं और 12 वीं में अनुउत्तीर्ण बच्चों को मिलेगा एक और मौका



भोपाल ।10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में अनुउत्तीर्ण बच्चों के लिए खुशखबरी है । 10वीं 12वीं में अनुउत्तीर्ण हुए अनेकों स्टूडेंट्स को बचाने के लिए मंडल एक और गोल्डन चांस देने जा रहा है। गाइडलाइन के साथ ही मंडल की ओर से पूरक एग्जाम की तारीख जारी कर दी है। एग्जाम में सम्मिलित होने के लिए स्टूडेंट्स से आवेदन मांगे जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए आप इस खबर के साथ अंत तक बने रहिए।

वहीं आपको बता दे पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र के लिए लिंक को 31 मई को ओपन किया जा चूका है। दोस्तों शिक्षा मंडल ने छात्र छात्राओं को आवेदन करने के लिए परीक्षा मंडल के द्वारा 15 जून तक का टाइम भी दिया जा चूका है। शिक्षा मंडल ने 17 जुलाई से दोनों क्लासों की परीक्षाएं रखी हैं। दोस्तों आवेदन प्राप्त होने के बाद परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने वाले है।

इस बार दसवीं में बेस्ट ऑफ फाइव स्कीम के तहत एग्जाम का नतीजा जारी किया जा चूका है। जिसके अंतर्गत छात्र एक सब्जेक्ट में फेल होता है और उन स्टूडेंट्स की एग्जाम का नतीजा उत्तीर्ण घोषित किया जा रहा है। और ऐसे में यदि स्टूडेंट्स पूरक सब्जेक्ट की सप्लीमेंट्री एग्जाम देना चाहे तो पूरक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। आपको बता दे यदि आप सप्लीमेंट्री एग्जाम देना चाह रहे हैं तो 31 मई से 15 जून तक एग्जाम में उपस्थित होने के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर कर सबमिट कर सकते है। आपको बता दे पूर्व पार्षद छात्र स्क्क ऑनलाइन ट्यूशन के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते है, साथ ही शिक्षण संस्था के माध्यम से नियमित तथा स्वाध्यायी छात्र पूरक परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म भर सकेंगे।

## खराब सड़कों के लिए अब ठेकेदार के साथ इंजीनियर भी होंगे जिम्मेदार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता खराब होने पर ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित इंजीनियर भी जिम्मेदार होंगे। मरम्मत के काम को मुख्य अभियंता से लेकर उपयंत्री तक को देखना होगा।

इसके लिए साप्ताहिक निरीक्षण का कार्यक्रम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजना होगा ताकि उसकी निगरानी की जा सके। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने यह व्यवस्था विशेष अभियान के अंतर्गत लागू की है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि वे अधीनस्थों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर नजर रखें। पिछले साल अतिवृष्टि के कारण बड़ी संख्या में सड़क, पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए थे। इनकी मरम्मत में काफी समय लगा था, इसे लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नाराजगी भी जताई थी। इस बार ऐसी स्थिति न बने, इसलिए पीडब्ल्यूडी ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है।इसमें उन सड़क, पुल-पुलिया को चिह्नित किया जा रहा है, जिनकी मरम्मत की जानी है। सभी मुख्य अभियंताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रमुख सचिव भी इंजीनियरों की टीम के साथ निरीक्षण कर रहे हैं। साढ़े तीन हजार किमी सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है।यह गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए इंजीनियरों की जिम्मेदारी तय की गई है। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों पर वर्षाकाल के लिए निर्माण सामग्री रखवाई जा रही है ताकि जहां भी सड़क, पुल या पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिले, इससे जहां आवागमन प्रभावित नहीं होगा, वहीं क्षति को भी सीमित किया जा सकेगा। विभाग के प्रमुख अभियंता नरेन्द्र कुमार ने सभी मुख्य अभियंता को निर्देश दिए हैं कि जिन सड़कों में दरार आ गई है, वहां सीलिंग का काम कराकर दरार से पानी के प्रवेश को रोकने का प्रबंध किया जाए।

## मप्र में आज ओले-बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश में अगले 24 घंटे में ओले-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर संभाग के बुरहानपुर, खरगोन, आलीराजपुर, बड़वानी, झाबुआ और धार में ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, भोपाल-ग्वालियर समेत करीब 20 जिलों में मौसम बदला रहेगा। यहां बूंदाबांदी हो सकती है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से पिछले दो-तीन दिन से बारिश और ओले गिरने की स्थिति बनी हुई है। ऐसा ही दौर सोमवार को भी जारी रहेगा। फिर इसका असर कम हो जाएगा। भोपाल में सोमवार-मंगलवार को बादल रहेंगे। 8 जून से मौसम साफ हो सकता है। भोपाल, सीहोर, बड़वानी, देवास, मंदसौर, नीमच, भिंड, श्योपुरकलां, अनूपपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, सागर, टीकमगढ़ में बारिश हो सकती है। बुरहानपुर, खरगोन, आलीराजपुर, बड़वानी, झाबुआ और धार में ओले गिरने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मौजूदा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 5 जून तक प्रदेश में एक्टिव रहेगा। जून के दूसरे सप्ताह में भी बारिश होने और आंधी चलने का अनुमान है। मानसून 20 जून या इसके बाद ही प्रदेश में एंट्री करेगा।

### दिन में उमरिया सबसे गर्म, खरगोन की रात पचमढ़ी से ठंडी

रविवार को मध्यप्रदेश में उमरिया सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां दिन का पारा 42.3 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के 9 जिलों में रविवार को अधिकतम पारा 40 से 42 डिग्री के बीच रहा। बाकी जिलों में यह 40 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ। सबसे कम दिन का तापमान इंदौर में 35 डिग्री रहा। रायसेन और टीकमगढ़ में रविवार की रात सबसे ज्यादा गर्म रही। दोनों जगह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। खरगोन में सबसे कम न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा।



स्मरण

NCHSE

महेश नीलकंठ बुच
पद्मभूषण
(5 अक्टूबर 1934 - 6 जून 2015)

नेशनल सेंटर फ़ॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट
एवं फ़्रेंड्स ऑफ़ एनवायरनमेंट

स्मरण व्याख्यान में आपको सादर आमंत्रित करते हैं

"21वीं सदी में पारिस्थितिक विपन्नता:
भारत के कुछ क्षेत्रों में ये हमेशा क्यों?"

वक्ता
श्री रिचर्ड महापात्रा
प्रबंध संपादक, डाउन टू अर्थ

अध्यक्षता
प्रोफ़ेसर धीरज कुमार
निदेशक, राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल

मंगलवार, 6 जून 2023, सायं 5 बजे
स्थान: राज्य संग्रहालय, शामला हिल्स, भोपाल

निर्मला बुच, अंशु वैश्य, अनीता दास, अरुण गुर्टू, नरेन्द्र प्रसाद, एन. रविचन्द्रन, पी. के. दास, अजय कटारिया, राजेन्द्र कोठारी, सुहास कुमार, सविता राजे, एल. एस. हरदेनिया, सी. के. जायडू, एन. के. सिंह, अभिलाष खाण्डेकर, राकेश दीवान, विजय तिवारी, डॉ. सुदेश वाघमारे, इंद्रा सिंह, रश्मि सारस्वत, रघुराज सिंह, सुनिल शुक्ल एवं प्रदीप नंदी

संपर्क : 9425008936 9425300846 9406528098